Now, what do we find in the course of the last seven years? In the year 1944-45, the proportion of direct to indirect taxes was 44, and in 1947-48 the direct taxes were nearly 47 per cent. Thereafter, three Finance Ministers went to the help of "these deserving poor"—Mr. Shanmukham Chetty, Dr. Matthai and the present Finance Minister. The result, according to the figures given in the Taxation Inquiry Commission's Report, was that the proportion of direct taxes came down from 48 to 24 per cent. Now, we have just to put the two things together to understand, in what way, economic matters were operated and the result has been—even that has been admitted by the Taxation Inquiry Commission—that the rich have become richer and the poor have become poorer. Now, this great inequality has got to be reduced, and I hope the Finance Minister will agree that the great instrument for doing this is the taxation policy, although he says that taxation alone will not lead to socialism—one may not quarrel with him over that. But so far as the other instrument, namely, a planned economy or plan for the next five or ten years is concerned, that plan must be a bold plan. And how are you going to finance it? The Taxation Inquiry Commission have stated that before resorting to deficit financing, all possible sources of taxation should be tackled, for resort to deficit financing means indirect taxation. And when deficit financing is indulged in, the impact is always on consumption and not on the private sector. The private sector goes buoyant if there is deficit financing. The result is that deficit financing will have impact on consumption, which is already low. I am therefore submitting that some more thought ought to be given for finding out new taxes or increasing the existing taxes.

Some complaint has been made about excise duties. Personally, I am not a man to make any complaint, provided an equality of sacrifice is imposed on every citizen in this coun-

try. Am I to labour voluntarily for the approach road or for the village school building, for this, that and the other if I find just a few, a small section in the community, are going to have everything, whatever is best, whatever is beautiful in this land of ours? Unless there is a spirit of equality of sacrifice, the plan will not work. My submission is that before deficit financing is resorted to—I am not against it; in fact, I have spoken in favour of it so often—taxation should be so exhausted that nothing beyond a certain margin that may be accepted should be left.

The Taxation Inquiry Commission have talked about incentive, but they have also stated that higher taxes have not proved disincentive for the accumulation of capital or for saving or for incentive to higher work. My own proposition is this: since this country is going to have socialism, the responsibility of capital formation should not be on the shoulders of a few capitalists, but it should be the concern of the whole community and, therefore, there is no justification for any private individual being provided with any incentive so that he may save and again invest, again earn, again save and again invest. We must be out of this vicious circle once for all. I am therefore suggesting that after exhausting whatever is possible to get from a system of taxation, we should resort to deficit financing. The figures that I have given are what are shown, but nobody knows how much more these rich people get otherwise. It is difficult to know exactly what they get otherwise. As Chanakya has said, it is difficult to detect when the fish drinks water because the fish is all along in the water.

युक्तास्तथा कार्यविधौ नियुक्ताः

ज्ञातुम् न शक्या धन माददानः

It is impossible to know when they grab money because throughout, their life is nothing but money. Therefore I submit—I leave that aside—that I accept, for the time being, the returns they have given as fairly representing their earning.

Then there is this business of plan. We are told that the next Five Year Plan would be of the magnitude of Rs. 5,500 crores. Out of that, Rs. 3,000 crores are meant for the private sector. The other day my esteemed friend, Mr. Mody, said:

> "The Government want us to be with them. But we should not be carried in an ambulance car."

What I am complaining is that the private sector will be so dominant—it is already dominant—that just like the old man of the sea, it is sitting on the shoulders of the Government and will not get away. Therefore, as early as possible, the objective, namely, of owning and controlling the principal means of production should be in the hands of the community or the Government and that is the only way in which progress towards an egalitarian society is possible.

The Plan must be bold; there are a number of questions still undecided. What shall we do with the handloom, what shall we do with small craft, what shall we do with this, that and the other? There must be clear enunciation as to the future industrial organisation of this country. Anyway, it is of utmost importance that the Plan ought to be implemented so as to remove poverty. Poverty in this country is not relative; it is absolute; it is abject. It is not a passing phase; it is a permanent fixture of our economic landscape and if poverty is not reduced, let me conclude by quoting once more Arya Chanakya:

क्षीणाः प्रकृतयो लोभं लुब्धा यान्ति विरागताम्

विरक्ता यान्त्यमित्रं वा भर्तारं घ्नन्ति वा स्वयं।

The poor people, if they are kept poor become *lobhi*, after that they become *arajakam*, that is, they will not obey law and order and, after that, they will go to the enemy of the Government, of the society and thereafter they will end Government, they will end the Raj.

[Shri Gadgil]

I am, therefore, with all humility requesting the Government to revise their ideas of taxation and not care so much for the 1442 families, who among them earn 58·18 crores out of Rs. 561 crores of rupees of income which is annexed by individuals and families and once more the economic surplus should be made available for the benefit of the entire community in this country.

श्री एच० एन० अग्रवाल (जिला जालौन व जिला इटावा---पश्चिम व जिला झांसी उत्तर): सभापति जी, मैं अपने वित्त मंत्री को यह बजट पेश करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

तीन दिन से जो बजट पर यह बहस चल रही है उसमें तरह तरह की समालोचनायें हुई हैं। इन समालोचनाओं में कुछ ऐसी भी समालोचनायें हैं जो कि वस्तुस्थिति से कोई सम्बन्ध नहीं रखती हैं और बहुत सी ऐसी बातें कही गयी हैं जिनसे मेरी समझ में कोई फायदा होने वाला नहीं है। कहा जाता है कि देश की अवस्था बहुत खराब है और कई बातें कही जाती हैं। कुछ सदस्यों ने यह भी कहा है कि हमारा बजट इतना अच्छा है कि इससे अच्छा हो नहीं सकता। मैं समझता हूं कि सत्य दोनों के बीच में है। वास्तव में इसमें कोई शक नहीं है कि हमारी स्थिति में बहुत कुछ सुधार हुआ है। अगर हम तीन चार साल पहले की स्थिति से आज मुकाबला करें तो हम देखेंगे कि आज स्थिति कहीं ज्यादा अच्छी है।

जहां तक पैदावार का ताल्लुक है मैं समझता हूं कि हमारे यहां सभी तरह की पैदावार में तरक्की हुई है। हमारी खेती की पैदावार में काफी तरक्की हुई है। जहां तक अन्न का ताल्लुक है, जहां तक रुई का ताल्लुक है, जहां तक आइल सीड्स का और दूसरी चीजों का ताल्लुक है, हमारे यहां पैदावार में बड़ी तरक्की हुई है इसमें कोई शक नहीं है। खेती की कुछ ऐसी भी चीजें हैं जिनमें तरक्की नहीं हुई है, मसलन जूट है और शुगर केन है। इनकी पैदावार में कमी हुई है। इसलिए सत्य बात तो यह है कि जहां अन्न की पैदावार में तरक्की हुई है वहां खेती की दूसरी पैदावार में कुछ कमी हुई है। इसलिए सरकार को इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि खेती की पैदावार में जो तरक्की हुई है इसमें कोई अकेली सरकार का ही हाथ नहीं है। सरकार के प्रयत्न के अलावा भगवान की कृपा भी रही है। उसके लिए हमें ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए कि इधर तीन चार सालों में फसलें अच्छी हुई। पानी काफी अच्छा बरसा इसलिए हमारी फसलें इतनी अच्छी हुई हैं जैसी कि आम तौर से नहीं हुआ करती थीं। इस प्रकार हमारी अन्न की समस्या जो कि बड़ी जटिल हो गयी थी, और जिसके लिए हमने कंट्रोल लगाये जिससे सारे मुल्क में भ्रष्टाचार बढ़ गया, वह हल हो गयी और उस पर हम काबू पा सके।

इसी तरह से हमारे उद्योग धन्धों में भी तरक्की हुई है। हमारे उद्योगों की पैदावार, चाहे आप कपड़े को लें, चाहे लोहे और फौलाद की तरफ देखें, सब में काफी तरक्की हुई है। हमारे पुतलीघरों में काफी कपड़ा बना है। पिछले साल हमारे यहां ५०० करोड़ गज से ऊपर कपड़ा बनाया गया। इसका नतीजा यह हुआ है कि जहां हम पहले बाहर रुई भेजकर कपड़ा मंगाया करते थे वहां अब हम बाहर कपड़ा भेज कर बाहर से रुई मंगाने लगे हैं। रुई की पैदावार को भी बढ़ाकर हमने अपनी कपड़े की समस्या को हल किया है। इसी तरह से और भी बहुत सी कोशिशें उत्पादन बढ़ाने की की जा रही हैं। लोहे और फौलाद के उत्पादन में हमने तरक्की की है। अभी चीन की बात कही गयी कि वहां बहुत ज्यादा तरक्की हुई है। मैं नहीं जानता कि यह बात कहां तक सही है। लेकिन अगर मान भी लिया जाय कि वह सही है कि वहां पैदावार में तरक्की हुई है तो हमें यह भी देखना चाहिए कि वहां किस तरह से तरक्की हुई है और हमारे यहां किस तरह से हुई है। दोनों जगहों की परिस्थितियों में

बड़ा फर्क है । हमारे यहां जो तरक्की हुई है वह सब को साथ लेकर, प्रेम से, मुहब्बत से हुई है । हमारे यहां कोई रेजीमेंटेशन नहीं किया गया जिस तरह से कि चीन में किया गया । जिस तरह से वहां जबरदस्ती से काम लिया जाता है वैसा हमारे यहां नहीं है । हमारा जो तरीका है वह काफी अच्छा है । मैं तो कहूंगा कि जो हमारे लोहे और फौलाद के मौजूदा कारखाने हैं उनके उत्पादन में बहुत तरक्की हुई है और इनके अलावा दो और नये कारखाने बनाने की योजना बना ली गयी है ।

इसी तरह से हमारे कोयले और बिजली की पैदावार में भी काफी तरक्की हुई है । बिजली आज पहले से बहुत ज्यादा है । हमारे यहां बहुत से बांध डाले जा रहे हैं, नदी घाटी योजनायें हैं, जिनसे मैं समझता हूं कि बहुत जल्दी ही हमारे यहां पावर (बिजली) में बहुत तरक्की होगी ।

मैं ने दो चार बांधों को खुद जाकर देखा है । मैं भाखरा नंगल गया था । मैं ने डी० वी० सी० की बिजली की प्रोजेक्ट्स को भी देखा है । कुछ लोग कहते हैं कि इसमें बहुत सा गोलमाल है । हो सकता है कि मुल्क की मौजूदा परीस्थितियों में कुछ खराबियां हुई हों, बहुत कुछ रुपया बरबाद जाता हो, रिश्वतखोरी भी चली हो । लेकिन इस सब को देखने से यह साफ हो जाता है कि जो तरक्कियां हुई हैं वे ऐसी नहीं हैं कि जिन पर हम अभिमान न कर सकें । मैं तो कहूंगा कि जो चीजें मैं ने देखी हैं उन पर हमको अभिमान करने का काफी मौका है ।

हमारी कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स का जो काम देहातों में चल रहा है उसको आप देखें । इटावा में जो प्राजेक्ट चल रही है उसके बारे में मेरा अपना अनुभव है कि वहां पर बहुत काम हुआ है । कुछ लोग वहां से आकर कहते हैं कि वहां कोई तरक्की नहीं हुई है । लेकिन ऐसा वे ही लोग कहते हैं जो कि यह सोच कर जाते हैं कि वहां कोई बड़ी बड़ी इमारतें होंगी। लेकिन खेतों में कोई बड़ी बड़ी इमारतें और कारखाने तो नहीं हो सकते । वहां तो यह देखना चाहिए कि किसानों के दिमाग की हालत कुछ बदली या नहीं, उन्होंने कुछ सीखा या नहीं, किसानों ने खाद का इस्तेमाल सीखा या नहीं, तरक्की शुदा बीज का इस्तेमाल करना सीखा या नहीं, मवेशियों की तरक्की के लिए कुछ सीखा या नहीं । मैं अर्ज करूंगा कि इटावे में काफी काम हुआ है । वहां इन सब बातों को किसानों ने अच्छी तरह से जान लिया है और उनमें बड़ा उत्साह है, और मैं तो यह कहूंगा कि इस कम्युनिटी प्रोजेक्ट के चलने की वजह से वहां लोगों के खेतों की पैदावार पहले से दुगनी हो गयी है, और दुगनी पैदावार हो जाने से वहां के लोगों की हालत पहले से कहीं अच्छी हो गयी है । मेरा ख्याल तो यह है कि वहां के लोग पहले से काफी सुखी हैं ।

1 P. M.

मैं यह कह रहा था कि इस तरह से आप देखें तो आपको मालूम होगा कि हमारी सरकार ने बहुत से काम किये हैं और तरक्की की है । इनके अलावा भी बहुत से तरक्की के काम किये गये हैं । हम जिस तरफ निगाह डाल कर देखें, अगर हम अपने विदेशी व्यापार की बात देखें तब भी हमारे लिए संतोष की बात है कि हमारा व्यापार ऐसा है । अब हम जितनी चीजें बाहर भेजते हैं, और बाहर से जो चीजें हमें देश के अन्दर मंगानी पड़ती हैं, हमारा बैलेंस आफ ट्रेड या पेमेंट का बैलेंस करीब करीब बराबर है उससे यह साबित होता है कि हम कोई हानि में नहीं हैं । हमारा मुल्क ठीक चल रहा है, हमारे यहां की जो हालत थी अभी दो, तीन वर्ष पहले की, सरकार पर विश्वास हट सा रहा था । आज हम देखते हैं कि सरकार पर विश्वास फिर से ऊंचे चढ़ रहा है और वह इस से साबित होता है कि जो यह कर्जा लेने की बात की गई थी, वह कर्जा बड़ी आसानी से वसूल हुआ है । इसी तरह से बहुत सी बातें हैं, लेकिन मैं एक बात की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं और वह यह है कि हमारी जो टैक्स सम्बन्धी नीति है, कर की नीति है, वह कुछ ज्यादा अच्छी नहीं है । इस मामले में हमारे किसानों

[श्री एच० एन० अग्रवाल]

पर उसका काफी बोझा पड़ता है। इसमें कोई शक नहीं है कि तेजी की वजह से गल्ले की तेजी हुई, अन्न की तेजी हुई और दूसरी प्रॉडक्ट्स की तेजी हुई, तेजी हो जाने की वजह से एक तरह से उसकी रिअल वैल्यू तो कम हो गयी और जो टैक्स किसानों को देना पड़ता था, उसकी रिअल वैल्यू बहुत कम हो गयी और इसलिए किसानों को बड़ी राहत हो गयी थी और उनकी दशा कुछ अच्छी हो गयी थी लेकिन अब तख्ता पलट रहा है। अब एग्रीकलचरल कमॉडिटीज का सस्ता होना शुरू हुआ है और अनाजों के भावों में काफी गिरावट आ गई है। मैं तो यहां तक कहूंगा कि अगर मोटे अनाज को देखा जाय तो उसमें बहुत ज्यादा गिरावट आई है, जो अनाज पहले तीन सेर का बिकता था वह आठ सेर और नौ सेर का बिक रहा है और इस मंदी के कारण हमारे किसानों की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ गयी है। आज उनके पैदावार के भाव तो गिर गये हैं लेकिन उनकी जरूरत की जो चीजें और सामान हैं, उनके दाम अभी तक गिरे नहीं हैं, इसलिए उनको दिक्कत हो रही है। अगर जल्दी से कोई रोकथाम नहीं की गयी तो मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जो उन पर टैक्सेज का भार है वह दूसरों की बजाय उन पर और भी ज्यादा हो जायगा। इसमें कोई शक नहीं कि सरकार ने कोशिश की। सरकार ने यह कोशिश की है कि डाइरेक्ट टैक्स पहले से कुछ ज्यादा बढ़ाया है लेकिन वह काफी नहीं है और मेरा ख्याल है कि मालदार आदमियों पर, पैसे वाले आदमियों पर ज्यादा बोझा डाल कर जो लोग पैसे वाले नहीं हैं उन पर टैक्स का भार कम किया जाय। तभी हमारी कांग्रेस का जो सोशलिस्टक पैटर्न कायम करने का लक्ष्य है, वह पूरा हो सकेगा, अन्यथा नहीं हो सकेगा। इसलिए मैं सरकार से यह अनुरोध करता हूं कि इस पालिसी में सुधार हो।

Shri L. Jogeswar Singh (Inner Manipur): I thank you for the opportunity given to me to speak on this Budget.

I should like, first of all, to deal with the former Native States and with the privy purses and allowances of the Maharajas. My first impression of the Budget is this: Why should there be a provision of Rs. 5,42,77,000 for privy purses and allowances of former Indian States' Rulers? Viewed against the background of the Avadi Resolution on the socialistic pattern of society, this provision and that Resolution are terms in contradiction. While there is deficit financing and all sorts of new taxation, I fail to understand why these Princes should be left untouched in this Budget provision.

Shri B. S. Murthy (Eluru): They are untouchables!

Shri L. Jogeswar Singh: Taking the Avadi Resolution, my humble submission is that steps should have been taken in the right direction so that the economic disparities between the high and the low, big and small, are reduced. We should also try to see that the Rulers of the former Native States come forward and surrender all their excess money, so that the money so saved could be utilised for building a new India. The Maharajas and former Rulers should also take cognizance of the new atmosphere in the country and should try to adjust themselves to the trend of the people's mind. If the Rulers now do not act in that way, the Government should take steps to abrogate the agreement between them and the Maharajas. It is fantastic to think that in such small States as Manipur and Tripura, such huge amounts of privy purse of the order of Rs. 3,00,000 and Rs. 3,30,000 respectively should have been provided in this Budget. These are economically backward States. These privy purses are five times the amount of the pre-integration period. The Maharaja used to get only Rs. 60,000 a year then, but now he is given a privy purse of Rs. 3,00,000, which is five times that he used to get before integration. He is enjoying these huge amounts over

and above the thousands of acres of paddy lands. It is very difficult to realise the socialistic pattern of society if these huge differences between the Maharaja's income and the chowkidar's income are allowed to continue. You will be surprised to learn that in our State, the Village chowkidar or the school chowkidar gets Rs. 3 per month—the maximum amount he is given is Rs. 7 or 10 per month—while the Maharaja is getting Rs. 3,00,000. How can you think of achieving this socialistic pattern of society if these huge differences between the high and the low in our country are allowed to continue? The same is the case with respect to the other Native States of India also and it is similar to what obtains in Manipur and Tripura so far as the privy purses and allowances of the Rulers are concerned.

My second point is with regard to the development of the tribal areas. The problem before us now is, how to awaken those tribal people from their sleepy hollows. They have been tied down by past moorings and their problem now is to free themselves from those moorings and they must be awakened from those past moorings. We must keep them economically contented and give them all sorts of amenities of the modern life and administration. Those tribal people are now having no roads to travel; no doctors to attend them; no schools; no sufficient food to eat. They are living in a world of their own, in a world of wonder. The essential thing to do for the welfare of the tribal people is that we should approach their problem with missionary zeal.

In this connection, I want to say something about the foreign missionaries in the tribal area. It has become a fashion to say ill of them now and to condemn the foreign missionaries and to condemn the tribal people also. Those who happen to travel through that part of the country where the tribal people live, will be convinced that this idea is fantastically wrong. The foreign missionaries have done yeoman service to the tribal people. They have established schools, hospitals, have constructed roads; given drinking water, and they have rooted themselves in the hearts of the tribal people. They hold the attention of the tribal people by their yeoman service. Of course, I agree that there may be some black sheep among the missionaries. Those of them who are anti-social and anti-national should be purged out. But on the whole, these missionaries have done yeoman service. If we want to win the heart of the tribal people, we should approach the problem in the Gandhian way. We should try to cultivate love and we should sacrifice our comforts in the cause of the reconstruction programme in the tribal areas. The bureaucratic policy towards them should be given up. We should approach the problem with a missionary zeal. If this is done, I think we can win the heart of the tribal people. It is bad to condemn them as anti-national. It is for us to consider their problems: what are their difficulties and how to solve those difficulties. It is for us to think over this problem.

Coming to my State of Manipur, it is a problem State. I can say without fear of contradiction that the movement led by the P.S.P. has fizzled out; it has gone underground. But this is my humble warning: this may be a lull before the storm, because, people are determined to get their demands fulfilled. Our Government will please take note of it. There may be some respite for the time being but they are determined to get their demands sanctioned. They are anxiously waiting for things to improve and the report of the States Re-organisation Commission. If the establishment of a responsible form of Government is delayed and the Commission has decided otherwise, and if their demands are not granted, who knows that this lull is a lull before the storm? Of course, there is a mighty force. I know well the people of the State because I have been working

[Shri L. Jogeswar Singh]

for the welfare of the State—I belong to that State—and I know there is a mighty force and I know the force of the people behind these demands. So, the Government should not minimise the gravity of the situation. They should not lessen the gravity of the issue.

Dr. Katju, then Minister of Home Affairs, annouced that the report of the States Reorganisation Commission would be ready by the month of June or so this year, that is, 3 months hence. But there is an apprehension there that if the Commission's report is to be implemented in full, it would take a couple of years. So, my suggestion is that if you want to bring peace in this frontier State, you must try to implement at least that portion of the Commission's report relating to Manipur. The Government of India should decide on that portion of the report relating to the State of Manipur. Unless the Government of India decide in favour of a responsible form of Government for Manipur and its separate existence as a State, and thus satisfy the popular demand, at an early date, there will not be peace. You cannot say that all is quiet on the eastern frontier now. That is wrong. I crave the indulgence of the House for some more time, because I am speaking on a subject where the Government of India has taken the administrative and other responsibilities of the Manipur State. I crave the indulgence of the House for more time to complete my remaining points.

Mr. Chairman: The hon. Member has utilised the allotted time. He ought to finish his speech soon.

Shri L. Jogeswar Singh: My last point is this. The State is burdened with taxation. There is the cycle tax, the tolls and the theatre tax. Dogs and cycles were taxed during the Maharaja's time in the old days and dog taxes had been abolished but the cycle tax continues now. It is surprising that the cycle tax is levied there too. Here in Delhi and other municipal cities we can understand this cycle tax, is imposed as a municipal tax; but in the State of Manipur, there are no municipalities or local boards, and therefore, this tax is not justifiable as it is levied in all parts of the State. The toll tax is also a burden on the poor. It falls directly on the poor people who have to bring things from the forest, by trekking their way through. As regards the theatre tax, to which I referred just now, it may be justifiable for a levy on it in other parts of India, because there are owners of theatres, but in Manipur, theatre is some sort of a hobby and it is pursued as a form of art and culture. The tax on it should be abolished. Therefore, the cycle tax, the toll and the theatre tax should all be abolished. The Taxation Enquiry Commission has more or less recommended abolition of tolls, and prohibition of the levy of the cycle tax by the States themselves. There is also an implied meaning in their recommendation that if it is for the pursuit of art and culture the theatre tax can be abolished.

Mr. Chairman: May I just remind the hon. Member that he has taken 16 minutes. Only ten minutes are allowed for each Member. If he takes up the new point now, he will again take about five minutes more. I think he ought to finish his speech now.

श्री मोहनलाल सक्सेना (जिला लखनऊ व जिला बाराबांकी) : सभापति जी, सब से पहले मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया ।

कब्ल इस के कि मैं बजट पर चर्चा करूं मैं चाहता हूं कि मैं आप को बता दूं कि कांग्रेस की सरकारों ने केन्द्र और राज्यों में जो काम किया है उस की मैं सराहना करता हूं । साथ ही साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू के जो कि मेरे

आदरणीय नेता हैं, कारनामों और एचीवमेन्ट्स (Achievements) पर भी मुझ को विशेष गर्व हैं। मेरा उन के साथ लगभग २५ साल से निकट सम्पर्क रहा हैं । उन से मैं ने बहुत सी बातें सीखी हैं और साथ ही मुझे यह भी कहना हैं कि मुझ से जो कुछ थोड़ी बहुत सेवा बन सकी हैं उस का बहुत कुछ श्रेय उन को ही हैं । उन्होंने जिस तरह से हमारे देश का मुख उज्वल किया हैं, जिस तरह से दुनियां में हमारा मस्तिष्क ऊंचा हुआ, जिस तरह से उन्होंने एशिया के लोगों में नई स्फूर्ति फूंकी और एशिया में एक नया जीवन आया, जिस तरह से उन्होंने अपनी अन्तर्राष्ट्रीय नीति पर चल कर के दुनियां को, चाहे थोड़ी ही देर के लिये क्यों न हो, संकट से बचाया हैं, इन तमाम बातों को देखते हुए हम सब के दिल फूल जाते हैं । परमात्मा से हमारी प्रार्थना यह हैं कि वह दीर्घायु हों, उन को स्वास्थ्य, बुद्धि और शक्ति मिले ताकि हम को अपने ध्येय पर पहुंचने में उन का पूरा नेतृत्व प्राप्त हो और विश्व में, शान्ति स्थापित करने में उन को पूरी सफलता हो ।

इस के बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि जो कुछ हम ने किया हैं वह काफी अच्छा हैं, लेकिन सवाल यह उठता हैं कि क्या हम लोग इस से ज्यादा नहीं कर सकते ? We have done well. But the question still remains: could we not have done better? इस सवाल पर मैं ने सोचा हैं और तमाम बातें सोचने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि हम इससे कहीं ज्यादा कर सकते थे और वह हमने नहीं किया । यह कोई मेरा तात्कालिक विचार नहीं हैं । मैं इस सदन में भले ही चुप रहा हूं । जो सवाल यहां पर आये हैं उन पर मैं ने बराबर सोचा और विचारा हैं और अपने विचारों को प्रधान मंत्री और दूसरे मंत्रियों तक पहुंचाया हैं और आज मैं कह सकता हूं कि वे जो मेरे विचार थे वे अपने अनुभव के आधार पर थे । परन्तु आज तीन चार बरस में मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि वह ठीक रास्ता था और हमारे मंत्रियों ने और सरकार ने उसको नहीं अपनाया । उसकी वजह से हमारा काम ज्यादा आगे बढ़ता । मैं अबतक खामोश रहा लेकिन एसे मौके आते हैं कि जब आदमी चुप नहीं रह सकता और आज वह मौका हैं कि मुझे बोलना पड़ रहा हैं। यह हमारी प्रथम पंचवर्षीय योजना का आखिरी साल हैं और हम दूसरी पंचवर्षीय योजना बनाने वाले हैं । इस वास्ते जो कुछ भी मैं ने सोचा हैं, जो कुछ भी मेरे नतीजे हैं, जो नतीजे मैं ने मंत्रियों और प्रधान मंत्रियों को भेज दिये हैं, उनको मैं सदन के सामने रख देना चाहता हूं । लेकिन इसके पहले मैं यह बताना चाहता हूं कि हमको इस बजट को किस कसौटी पर कसना चाहिए । तीन बरस पहले तो मेरी एक ही कसौटी थी और उसको मैं ने प्रधान मंत्री को लिखा भी था कि जबतक हम फूड (खाद्य) के सवाल को नहीं हल कर सकते, हम चाहे जितना काम करें हमारा सारा काम बेकार हो जायगा । मुझे खुशी हैं कि आज वह मसला हल हो गया और इस मसले के हल करने में मेरे मित्र स्वर्गीय रफी अहमद किदवाई साहब का हाथ था, और मैं कोई भेद की बात नहीं बताता कि उनके खाद्य मंत्री बनने में कुछ मेरा भी हाथ था । जब मंत्रिमंडल बनने वाला था तो मैं ने प्रधान मंत्री को एक खत लिखा था कि और मिनिस्टर तो आप चाहे जिस किसी को बनावें लेकिन आप फूड मिनिस्टर एसा बनावें कि हमारा फूड का मसला हल हो सके । इसके बाद जब रफी साहब को यह महकमा सौंपा गया तो बहुत से मित्रों ने और उनके इर्दगिर्द वालों ने उनको सलाह दी कि यह तो उनके प्रति द्वन्दियों की एक चाल हैं कि उनको एसा महकमा दिया जा रहा हैं जिसमें बहुत से मंत्रियों की ख्याति (reputation) की कब्र बन चुकी हैं । उस मौके पर वह मेरे पास आये । मैं ने उनको अपना पत्र दिखाया और उससे उनकी आशंका दूर हो गयी और उन्होंने उस जिम्मेदारी को ले लिया । उन्होंने उस काम को किया और उस के पूरा करने में अपनी जान दे दी ताकि मुल्क जिन्दा रहे । उन्होंने यह नहीं किया कि वह आंकड़े लिये बैठे रहे हों । अब

[श्री मोहनलाल सक्सेना]

इस बजट को इस कसौटी पर कसना होगा कि बेकारी की समस्या उस से कहा तक हल होती है। पहले तो वित्त मंत्री को यही यकीन नहीं हुआ कि अनएम्पलायमेंट है और बढ़ रही है। जब यकीन हुआ तो आंकड़े इकट्ठा करने के लिए एक इंस्टीट्यूशन को काम दिया गया है, जो कि ६ महीने लगायेगा। उन्होंने इस तरह की चीज नहीं की। आंकड़े तो वहां थे। उन्होंने कहा कि आंकड़े गलत हैं। उन्होंने उन आंकड़ों के नीचे जाकर देखा। गांधी जी ने भी कंट्रोल तोड़ दिया था लेकिन बदकिस्मती से उनका देहान्त हो गया और जो उसके पक्षपाती थे उन्होंने उसको फिर से लागू कर दिया। किदवाई साहब ने भी अपने अफसरोंकी राय के खिलाफ और प्लानिंग कमीशन के मेम्बरों की राय के खिलाफ और कुछ मिनिस्टरों की राय के खिलाफ काम किया। और वह उस काम में कामयाब हुए। मैं जानता हूं कि आखिरी दिन रविवार को भी जब वह वहां आये हैं तो उन्होंने दो घंटे दफ्तर में काम किया था। तो जिस तरह से फूड का मसला हल हुआ उसी तरह हम और मसलों को भी हल कर सकते हैं, चाहे वह बेकारी का मसला हो, चाहे घरों का मसला हो और चाहे कोई और मसला हो। इन सब को हल करने में हमको उसी निगाह से देखना पड़ेगा। हमारे दिल में एक सेंस आफ अरजैंसी (sense of urgency) होनी चाहिए यानी जल्दी हल करने की लग्न कि हमको यह चीज करनी है। और अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो फिर चाहे हमारे मुल्क का उत्पादन (production) कितना ही बढ़ जाय और हम चीजों को चाहे ज्यादा पैदा करें लेकिन यह बेकारी बनी रहेगी। उत्पादन बढ़ा और बेकारी भी। इसके कारण क्या हैं। मेरी राय में तो दो ही इसके कारण हो सकते हैं। या तो जो माल पहले चोर बाजार में जाता था और ऊपर नहीं आता था वह अब खातों में दिखाया जाने लगा है और इसलिए प्रोडक्शन बढ़ा हुआ मालूम होता है, या दूसरा कारण यह हो सकता है कि पहले इसलिए प्रोडक्शन कम था कि मिल वालों को कच्चे माल की और ट्रांसपोर्ट वगैरह की कमी थी। अब यह सहूलियत मिलने से प्रोडक्शन बढ़ गया है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेकारी है। मार्च ५२ में अपने वित्त मंत्री के साथ मैं कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में मिला था तो उन्होंने कहा कि एम्पलायमेंट एक्सचेंज के आंकड़े देखने से तो यह नहीं मालूम होता कि बेरोजगारी बढ़ रही है। लेकिन आज वह इस बात को मानते हैं। लेकिन वह इसके लिए क्या कर रहे हैं। मैं पूछता हूं कि हल ढूंढ़ने के लिये उनकी निगाह किधर है। किस तरह से वह बेकारी को दूर करना चाहते हैं। मैं अपने तजर्बे से एक बात आपको बतलाता हूं। जिस समय मैं मंत्री बना उस समय हमारे दस लाख भाई कैम्पों में रह रहे थे और मुझे एक रुपया फी आदमी के हिसाब से उनको दस लाख रुपया रोज देना पड़ता था। तो मेरे सामने पहला सवाल यह आया कि मैं किस तरह से इस खर्च को बन्द करूं। गांधी जी का आदेश था कि किसी को वगैर काम लिए खाना मत दो। मेरी इस मामले पर प्रान्तीय सरकारों से बात चीत हुई तो उन्होंने कहा कि आपको पांच साल तक वह कैम्प चलाने पड़ेंगे। और उन्होंने मुझ से कहा कि अगर आप उन ४०००० शरणार्थियों को जो कि दिल्ली कैम्पों में हैं खाना देना बन्द कर दोगे तो हम भी अपने यहां कर देंगे। इस में ६ महीने गुजर गये। इस मामले में मैं ने अपने अफसरों की राय के खिलाफ फैसला किया। उन्होंने कहा कि आप यह क्या करने जा रहे हैं। मैं ने कहा कि मैं ने काम लिया है और मैं इसको पूरा करूंगा। अगर हम इस खर्च को बन्द नहीं कर सकते तो बसाने का कैसे काम होगा। फिर हमने उन लोगों को नोटिस दे दिये कि पहली अप्रैल से खाना मिलना बन्द हो जायगा। हम काम देंगे। उन लोगों ने कहा कि हमको काम कैम्पों में ही होना चाहिए। अब आप सोचिये कि यह कैसे हो सकता था। लेकिन वे ऐसा इसलिए कहते थे क्योंकि वे हमारी कमजोरी को समझते थे। हम काम देंगे और जो आदमी काम से लगे

हुए हैं वह न जांय उनको हम यहां मकान देंगे । उस पर भूख हड़ताल हुई और हमारे कांग्रेस के मित्रों ने बतलाया कि तुम क्या करने जा रहे हो लेकिन मैं आपसे पूछता हूं कि अगर हम वही चालीस हजार को सोचते रहते तो काम नहीं होता । वहां पर भूख हड़ताल हुई। उनकी एक मांग यह भी थी कि वहां कैम्प के जो कर्मचारी हैं उनको पहले कोई काम दे दिया जाय तभी यह कैम्प्स तोड़े जांय । मैंने कैम्प कमांडेंट को बुलाया और कहा कि यह क्या बात है । तुम्हारे लिए वह जान देने को तैयार हैं । उसने कहा हां साहब हमने उनके लिए कुछ काम किया है । मैंने कहा मैं आपको काम दूंगा लेकिन इस तरह से काम नहीं दे सकता, अगर दस लाख रुपया रोज मेरी मिनिस्ट्री देने लगे तो वह कै दिन चल पायेगी । मैं ने उनको नोटिस दिया कि यदि भूख हड़ताल तीन दिन में बंद होगी तो मैं उस कैम्प का इन्तजाम चलाऊंगा । तीसरे दिन वह भूख हड़ताल खत्म हो गयी । जो कैम्प हमने खोला था उसमें २५० आदमियों के काम के लिए गुंजाइश थी, १५ आदमियों की दरख्वास्तें आईं, उसके बाद फिर उनमें से कोई भी काम पर नहीं आया । अगर हम आंकड़ों के फेर में पड़े रहते तो हम कभी भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकते । हमको इन बड़े मसलों के हल करने में कुछ (risk) लेना होगा, सरकारी अफसर कभी रिस्क नहीं ले सकते हैं ।

अब मैं आपको वित्त मंत्री महोदय ने जो कहा उसकी तरफ ध्यान दिलाता हूं और वह यह है कि बेकारी के जमाने में जब कि लोग बेकार हैं और अगर हम अपने दफ्तरों में छानबीन करेंगे तो फिर हमें कर्मचारियों को जो लगे हुए हैं उनमें से सुपरफ्लुअस अधिक (Superfluous) स्टाफ को निकालना पड़ेगा, इसलिए बजाय इसके कि हम उनको नौकरी से निकाल कर बेकार कर दें बेहतर होगा कि उनको वहीं पर रक्खे रहें । मैं आपको बतलाऊं कि जब मैं मंत्री बना था तो मेरे सामने यह बात आई कि मेरी मिनिस्ट्री में कितने ही आदमी हैं जो बेकार हैं, हांलाकि छै महीने की मिनिस्ट्री थी मैं ने, और आप और और सदस्यों की जांच कमेटी बनाई और उस की ऐसी रिपोर्ट पर कि मेरी मिनिस्ट्री में जरूरत से ज्यादा स्टाफ है, तो एक महीने के अन्दर मैंने इन आदमियों को हटा दिया । उनको हटाने से मेरा मतलब यह नहीं था कि उनको हटा कर मैं सड़क पर फेंक दूंगा बल्कि उनको और कहीं पर और किसी काम पर लगा दूंगा । मैं यह भी जानता हूं कि अगर दफ्तर के अन्दर कुछ आदमी कम भी हों, तो काम में परेशानी नहीं होगी लेकिन अगर किसी दफ्तर में जितने आदमियों की वाकई में जरूरत है उससे ज्यादा आदमी होंगे तो वहां काम ठीक नहीं हो पायेगा । हर एक आदमी समझता है कि वह टेम्परेरी है तो वह क्यों काम करे । मैं नहीं चाहता कि आप उनको बेकार बनाइये । मैं चाहता हूं कि आप अपने कार्यालयों में उतना ही स्टाफ रक्खें जितना जरूरी हो, जरूरत से ज्यादा स्टाफ अगर हो तो उसको वहां से निकालिये और उनको और काम करने को दीजिये, तो आप देखेंगे कि आपके काम में गड़बड़ नहीं होगी और कार्यक्षमता बढ़ेगी । मैं तो यहां तक कहूंगा कि अगर घर बैठे भी आप सुपरफ्लुअस स्टाफ को तनख्वाह दें तो ठीक होगा, आपके काम में एफिशियेंसी (efficiency) होगी, करप्शन नहीं होगा और कनफ्यूजन नहीं होगा और आपकी सबवेंशन भी बचेगी । इस सिलसिले में मैं आपको २६ जनवरी सन् १९५५ के नवजीवन के अंक में जो कविता छपी है उसकी कुछ एक पंक्तियां पढ़ कर सुनाऊंगा और मेरे विचार भी वही हैं जो इन पंक्तियों में व्यक्त किये गये हैं । उसमें ऐसा लिखा है :----

भूख गरीबी गन्दगी
और बेकारी बेशुमार
गांव उजड़े, घर हैं टूटे
और बीमारी की भरमार
देश की जनता बेपढ़ी
और लाखों पढ़े लिखे बेकार
घरेलू धन्धे मिट गये
और निकम्मे हो गये दस्तकार

[श्री मोहनलाल सक्सेना]

विदेशी चीजें छोड़ेंगे
हम देशी को अपनायेंगे
हम कोरी बातें छोड़ेंगे
अब करके काम दिखायेंगे।
बिगड़ा हुआ समाज का ढांचा
बिगड़े हुए सभी आचार
देश कलंकित बना रहे हैं
झूठ रिश्वत चोरबाजार
जात पांत की छूत लगी है
प्रान्तीयता भूत सवार
काम बहुत है करने को फिर
हम क्यों बैठें बेकार।

उसके बाद आगे लिखा है :—

पूंजी हमारी करोड़ों हाथ
और है कुदरत की इफरात
हजारों नदियां, लाखों चश्मे,
करोड़ों एकड़ जमीन बेकाश्त
खानों की भी कमी नहीं है,
कारीगर भी हैं हुशियार
सहकारी धन्धों की चरचा है
और है जनता की सरकार।

इन तमाम बातों के होते हुए भी (We are idle) हम बेकार हैं।

उसके बाद उसने आगे कहा है :—

बड़ी मशीनें छोड़कर
हम लाखों हाथ चलायेंगे
पिछली त्रुटियां छोड़कर
हम अगला कदम बढ़ायेंगे

वह बहुत लंबी है। मैं सारी नहीं पढ़ना चाहता। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस देश में काम बहुत है, दफ्तरों के बाहर विशाल कार्यक्षेत्र पड़ा है। आप देश की उत्पादन शक्ति बढ़ाने में योग दे सकते हैं लेकिन हम लोग क्या कर रहे हैं। हमारा सारा वक्त दफ्तरों के रेड टेपिज्म में ही खर्च हो जाता है और हम वास्तविक कार्य कुछ नहीं कर पाते हैं। प्लानिंग कमीशन में देखिए, कितने आदमी वहां पर पड़े हुए हैं। विनोबा जी कहते हैं कि प्लानिंग कमीशन के मेम्बरों को चाहिए कि उनके साथ आकर वह गांवों में घूमें और तब कोई प्लान बनायें। मैं जानना चाहता हूं कि कितने मेम्बर्स उनके साथ बाहर गांवों में गये।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि हम जब कोई प्लान बनायें, तो कम से कम गांधी जी की जो विचार हैं उनको ध्यान में रख कर बनाना चाहिए और उन्होंने साफ साफ कहा है कि हमारे देश की हालत दूसरी है, हमारा भूगोल दूसरा है, हमारा इतिहास दूसरा है, हमारे रहने का तरीका दूसरा है और हमारी समस्याएं पश्चिमी देशों की समस्याओं से भिन्न हैं और उनको हल करने के लिए हमें अपने लिए अलग रास्ता निकालना पड़ेगा और उसी सिलसिले में आप यह भी जानते हैं कि गांधी जी से अगर जरा सी भी गलती हो जाती थी तो वह उसको पूरी तरह से मान लेते थे। पूज्य बा से कोई मामूली ४, या ६ रुपये की गलती हो गयी थी जिसके लिए गांधी जी ने भरी पबलिक मीटिंग में कड़ी फटकार सुनायी लेकिन इसके विपरीत हम लोग उन आदमियों में से हैं कि अगर गलती भी करते हैं तो उसको मानने को तैयार नहीं होते। प्लानिंग कमीशन ने देश से बेकारी दूर करने के लिए गम्भीरतापूर्वक सोचा और मनन नहीं किया है। वह कहते हैं कि बेकारी पुरानी है, कोई नई बात पैदा नहीं हो गयी है। सन् ५२ के सितम्बर में मैंने एक लेख लिखा था कि अब इस देश में बेकारी की समस्या बढ़ रही है और उसके हल करने में हमको वही काम चलाने होंगे जो दूसरे मुल्क वालों ने चलाये थे और मैं इस विषय में फाइनेंस मिनिस्टर से जानकारी चाहता था। उन्होंने कहा है कि काटेज इंडस्ट्रीज की तरफ भी हम देखेंगे। इस संबन्ध में हाउसिंग (घर बनवाने) का तो उसमें कोई जिक्र नहीं है। हमारे कामर्स एन्ड इंडस्ट्री मिनिस्टर ने कहा कि लोग समझते हैं कि मैं छोटी इंडस्ट्रीज के खिलाफ हूं, लेकिन यह बात नहीं है, सिर्फ इमफैसिस की बात है और जोर देने का थोड़ा सा फर्क है। आप बजट उठा कर देखिए कि

स्मॉल स्केल एन्ड कॉटेज इंडस्ट्रीज के लिए आपने क्या किया है और बड़ी इंडस्ट्रीज के लिए आपने क्या किया है। बड़ी इंडस्ट्रीज के लिए तो पहले ही से आपके पास इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन है जिसमें १ करोड़ ६२ लाख रुपये तो गान्धी स्मारक निधि के लगे हुए हैं। उस इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन जिसका सवाल यहां उठा, उस के बारे में एक एडहाक कमेटी की रिपोर्ट आडिट रिपोर्ट (Audit Report) से तमाम बातें मालूम हो जायंगी। अबतक गवर्नमेंट २६ लाख रुपये की मदद दे चुकी है। मैं अब ज्यादा न कह कर गलती वाली बात कह कर बैठ जाऊंगा और गलती उसमें अभी अभी मैं बता रहा था कि कॉटेज इंडस्ट्रीज की हालत यह है कि उसके लिए जो प्राविजन इसमें किया गया है वह काफी नहीं है। इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन चल रहा था, अब उसके बाद एक दूसरी कारपोरेशन नेशनल इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन बनायी गयी और उसके लिए ५ करोड़ की रकम इस साल रखी गयी है जिसमें १० लाख की ग्रान्ट दी जायगी। इसके अलावा अभी आप देखिए कि आगे चल कर एक इंटरनेशनल डेवलपमेंट बैंकिंग कारपोरेशन बनायी गयी जिसको साढ़े सात करोड़ रुपया गवर्नमेंट बगैर किसी सूद के देगी जब कि इसके विपरीत स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज के लिए केवल १० लाख की मदद दी जायगी। इसके खिलाफ अतुल प्रॉडक्ट्स कम्पनी लिमिटेड एक प्राइवेट कम्पनी है, प्राइवेट सेक्टर की है उसको भी तीन करोड़ दिये जायंगे। मैं कहता हूं कि आल इंडिया स्पिनर्स असोसियेशन है और और दूसरी जमातें हैं, वह प्राइवेट बाडीज नहीं हैं और जिन्होंने काफी उपयोगी काम किया है उनको आप थोड़े रुपये से भी मदद नहीं कर सकते और उस पर भी आप कहते हैं कि यह न समझा जाय कि हम छोटी इंडस्ट्रीज के खिलाफ हैं। कैसे यह न समझा जाय आपके जो बजट सम्बन्धी आंकड़े हैं वह काफी इसकी पुष्टि करते हैं। दूसरी मिनिस्टर कहती हैं कि यह न समझा जाय कि हम इनडिजनस सिस्टम आफ मैडिसिन एन्ड अदर सिस्टम्स इनक्लूडिंग होमियोपैथी के खिलाफ हैं लेकिन अगर आप बजट देखिये तो मालूम होगा कि कुल २७ लाख रुपये का प्राविजन पांच वर्ष में इन के लिए है, जब कि आप देखेंगे कि एलोपैथिक के लिए हम कितना रुपया खर्च कर रहे हैं। मेरी समझ में एलोपैथी सिस्टम पर सरकार जितना रुपया खर्च कर रही है, उतने रुपया खर्च करने पर भी हम कितने आदमियों को लाभ पहुंचा सकेंगे। यह सोचने की बात है सभापति जी आपको याद होगा जब मेरे सामने यह सवाल आया तो मैंने कोआपरेटिव हेल्थ सेंटर्स शुरू किये थे, एलोपैथिक सेंटर्स तो टूट गये लेकिन होम्योपैथिक और आयुर्वैदिक सेंटर्स आज भी चल रहे हैं। आज क्या मैं पूछ सकता हूं कि पिछले दस, पंद्रह, बीस बरस के अन्दर आप ने लोगों की कितनी मदद की। क्या आप कह सकते हैं कि आप कितने आदमियों को इस एलोपैथिक सिस्टम से फायदा पहुंचा सकते हैं? अगर आप ऐसा कर सकते तो मैं आप की बात को मान लेता। लेकिन असलियत यह है कि आज अगर ६६ नहीं तो कम से कम ६५, ६६ फी सदी आदमी ऐसे हिन्दुस्तान में पड़े हैं जो एलोपैथिक सिस्टम से अपना इलाज नहीं कराते हैं। हमारा देश कभी भी जंगली देश नहीं था। उस के गांवों में दवायें मौजूद हैं। गांधी जी ने हमारे गांव के लोगों के उद्योग के लिये सतीश चन्द्र गुप्ता से 'विलेज डाक्टर' लिखवाया। जरूरत इस बात की थी कि हम कोशिश करते और हिसाब लगाते कि किन किन गांवों में क्या क्या दवायें चलती हैं और इन में क्या क्या अच्छाइयां हैं। उन को हमें देश में बनवाना चाहिये था और लोगों को सस्ते दामों पर देना चाहिये था। अगर हम यह कर सकते तो ज्यादा अच्छा होता। आज शिकायत यह की जाती है कि हमारे पास रुपया नहीं है, लेकिन यहां पर सवाल रुपये का नहीं है, सवाल एप्रोच का है। हमें इस बात का एहसास ही नहीं है कि मुल्क में आज कितनी परेशानी है और कौन चीज हम को जल्दी करनी चाहिये।

इसी तरह से पोलीक्लीनिक खोला गया था।

[श्री मोहनलाल सक्सेना]

डाक्टर्स थे जिन को कर्ज देने की बात थी । उन्होंने कहा कि हमें और कोई मदद सरकार से नहीं चाहिये, हम लोगों को सिर्फ जगह चाहिये । मुझे मालूम है कि हमारी हेल्थ मिनिस्ट्री उस के खिलाफ थी, लेकिन मैंने (Poly Clinic Queens Way) में खुलवाया जो आज काफी अच्छी तरह से चल रहा है। मैं कह सकता हूं कि इस तरह के पोलीक्लीनिक्स बहुत अच्छी तरह चल सकते हैं । आप सोशलिस्टिक पैटर्न की बात तो बहुत करते हैं लेकिन उन के ऊपर अमल नहीं करते हैं । मैं कहता हूं कि आप ने लोगों के मकानों के लिये क्या किया ? अगर हम उन को आराम देना चाहते हैं और उन का भला करना चाहते हैं तो यह तभी हो सकता है जब हम उन को रहने के लिये ठीक से मकान दे सकें ।

जहां तक कार्टेज इन्डस्ट्रीज का सवाल है उस के बारे में मैं इस लिये नहीं कहता हूं कि श्री कृष्णमाचारी से मुझे कोई शिकायत है, बल्कि इस वजह से जब रिआर्गेईजेशन की बात चल रही थी तो मैं ने भी प्रधान मंत्री को लिखा था कि मैं समझता हूं कि इन्डस्ट्री और प्रोडक्शन महकमा एक होना चाहिये । और कार्टेज इन्डस्ट्री को कोआपरेटिव के साथ मौजूदा एग्रिकल्चर मिनिस्ट्री के साथ लाना चाहिये और कामर्स एंड सप्लाई एक साथ होना चाहिये । मैंने जैसा कहा था हमें जवाहरलाल जी पर ही इस का बोझ नहीं डालना चाहिये, हमें खुद कुछ करना चाहिये । आचार्य कृपालानी जी ने उनके स्तीफे का जिक्र व्यंगपूर्ण शब्दों में किया था । इस का जवाब तो हमारे मंत्री जी देंगे, लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं कि मुझे भी इस का बहुत दुःख है कि कैबिनेट की कोई बात इस तरह से बाहर आये । कैबिनेट में रेजिग्नेशन भी हों, लेकिन उस के मंजूर होने के पहले ही बाहर उन की चर्चा हो और खास कर उस समय जब हमारे प्राइम मिनिस्टर बाहर थे, और इस की खबरें अखबारों में छापी जायें, इस से हम सब को बहुत तकलीफ हुई । जब मैं मद्रास गया हुआ था और वहीं पर ठहरा था जहां जवाहरलाल जी थे । कोई बात मुझे ऐसी लगी कि मैं ने दो चार लाइनें लिख कर उन को भेज दीं । मैं समझता था कि वह उस का जवाब मुझे दिल्ली पहुंचते २ भेज देंगे । या मैं २६ तारीख को जब मुझे मिलेंगे तो जवाब दे देंगे, परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया और ३० जनवरी को लन्दन से उन्होंने जवाब दिया जब वह मुझे मिला । मुझे बड़ी तकलीफ हुई कि मैं ने उन को वह चिट्ठी लिखी जिस का बोझा ले कर वह विलायत गये ? जब वह विलायत से लौटे तो मैं उन से मिलने गया, जहाज पर से उतरते ही उन्होंने मुझ से कहा : मोहनलाल कहो । मैं आप को क्या बताऊं मैं शर्म से गड़ गया । बाद में जो मेरे दिल को तकलीफ हुई मैं ने उन्हें बतलाई । उन्होंने कहा : ठीक ही था । बात खत्म हो गई परन्तु मुझे अपनी इस भूल का पश्चाताप है । अब स्तीफे के संबन्ध में यही नहीं कि वह गुप्त नहीं रखा गया उस के सम्बन्ध में पत्र लन्दन भेजे गये, वहां से जवाब आये, वहां पर पत्रों में चर्चा हुई, कुछ भी हो, हमारा जो प्रजातंत्र है वह अभी थोड़े दिनों का इंफैंसी (Infancy) में है । हम को अभी अपने ट्रैडिशन्स बिल्ड करने हैं । आप देखिये, यहां से वेवेल चले गये, भारत के बटवारे (पार्टिशन) (partition) के बारे में अपनी गवर्नमेंट से उन का मतभेद था, बहुत सी बातें जो वेवेल साहब कहते आगे चल कर पूरी हुई, लेकिन वह मर गये, परन्तु उन्होंने किसी से नहीं कहा कि जो उन्होंने कहा वह ठीक निकला ।

अब मैं हाउसिंग प्राब्लेम के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । परमात्मा की दया से इस मुल्क के अन्दर बहुत से ऐसे आदमी हैं जो अपना मकान खुद ही बना सकते हैं, दस हजार रुपये लगा कर अगर उन को जमीन दे दी जाय । लेकिन जमीन के बारे से हमारी नीति कैपिटलिस्टिक है । यहां पर हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर साहब नहीं हैं, मैं उन को बतलाना चाहता था, मैं आशा करता हूं कि हमारे उपमंत्री जी उन तक मेरी बातें पहुंचा देंगे । अलावा और बातों के जिन को मैं किसी और अवसर पर बताऊंगा कि तमाम देश में शहरों में कम से

कम २ लाख आदमी ऐसे हैं कि यदि उन्हें मुनासिब किराये या कीमत पर जमीन मिल जाये तो वह ८-१० हजार रुपये लगा कर अपना मकान बना सकते हैं जिस के माने यह हैं कि ५ साल में १५००-२००० करोड़ की लागत के मकान बन सकते हैं जिस से सरकार को रुपया नहीं देना पड़ेगा। अगर जो रुपया हम कर्ज के रूप में देना चाहते हैं उस को ले कर हम पांच बरस के लिये लगा कर और जमीन का इन्तजाम कर के मकान बनवा दें तो बहुत लोगों को जो बेकार पड़े हुए हैं काम दे सकते हैं। C.P.W.D. का अनुमान हैं, कि एक करोड़ की लागत के मकान बनवाने से हम दस बारा हजार आदमियों को सालाना काम दे सकते हैं इस तरह से हम ४० लाख आदमियों को काम दे सकते हैं और किसी हद तक अनएम्प्लायमेन्ट के सवाल को हल कर सकते हैं। मकान में जो भी कैपिटल लगता हैं उस का करीब ८५ या ९० फीसदी लेबर में खर्च होता हैं। सिर्फ १० या १५ फीसदी रुपया सामान और जमीन वगैरह में लगता हैं। मैं समझता हूं इस बात की ओर ध्यान दिया जायेगा।

अब मैं आप को धन्यवाद देते हुए बैठ जाता हूं।

Mr. Chairman: I would request all hon. Members to adhere to the time-limit very strictly. I am now calling upon Shrimati Sucheta Kripalani.

Shrimati Sucheta Kripalani (New Delhi): Mr. Chairman, the people of our country this year were looking forward to the Budget with some expectation, even high expectation, firstly because it was expected that the Taxation Enquiry Commission's recommendations would shape and mould the outline and character of our Budget. The Taxation Enquiry Commission, was to make recommendations on taxation keeping in view the objectives laid down in our Constitution. Broadly they would mean employment to all, education within a measurable period of time and progressive equality in distribution of wealth. Besides these, the much-advertised Avadi Resolution raised some false hopes in the minds of the people. Also, our Prime Minister made certain speeches after his return from China. All these made us to expect that some step, even a small step, towards socialistic reorientation of our fiscal policy will take place. Let us now see if there is any indication of such a change in the Budget. I fear the answer is "no". This Budget follows the tradition of the last three years. This is a routine Budget based on the routine laid down by the old civil service who operate our fiscal policy. They do not favour sudden changes or departure from the tradition. Therefore, this Budget can be described as the Budget of an accountant and not that of an economist.

An Hon. Member: Of a bad accountant.

Shrimati Sucheta Kripalani: In this connection, I would like to tell you what *The Economic Weekly* has said. This paper has said:

> "Despite all this talk about the philosophy of the Five Year Plan, it is not yet sufficiently realised in the Ministry of Finance that the budget is not merely a fiscal operation with implied monetary reactions, but a framework within which the mass of the people will earn and spend their incomes, seek gainful employment and contribute towards the productivity of the economic machine."

Then, Sir, let us take the speech of the Finance Minister. In his speech he gave a review of the economic conditions and he described them as generally satisfactory. He gave details of improvement in agricultural production, industrial output, etc. No doubt, some temporary imrpovement has taken place, but how far this improvement is due to the good stewardship of the Government or due to forces of economic stabilization working in the world has to be seen, because the advantages claimed by India are operating in Burma, Ceylon, Indonesia and other countries.

[Shrimati Sucheta Kripalani]

"The conditions are generally satisfactory." For whom let us see. There has been an increase of Rs. 38 crores over revised estimates in excise as compared to less than Rs. 8 crores increase in corporation and income-tax. This, Sir, disturbs the man in the street. There is a deficit of Rs. 318 crores which has to be met entirely by borrowing from the Reserve Bank. This disturbs intelligent citizens of this country. There is satisfaction in certain circles. The satisfied people are members of the stock exchange or the business community. Why are they satisfied? Because of the Avadi Resolution the business community had certain misgivings. They expected higher taxation, but what do we see? When the Budget proposals came, there was no outcry from the stock exchange. That means that the actual increase was much below the expectation of those people. Then, they have been given development rebate, rebate on life insurance premium etc., which has considerably compensated the business community and higher income groups in spite of some rise in the income-tax. It is very amusing, it is very interesting to see what they have to say in this connection. I do not want to take up the time of the House, I will very briefly read out two small passages from *Indian Finance*. This paper does not represent my friend Shri H. N. Mukerjee's views or my views. This represents the views of big business. In their budget issue, under the heading "Highlights" they say:

वित्त मंत्री जी ने देश की औसत आमदनी बतायी हैं । उन्होंने अपने भाषण में लगभग यह कहा था कि वह पहले २५५ रुपये वार्षिक थी, अब वह बढ़कर २७० या २८० तक हो गयी हैं । यह अंकों की बात हैं । अभी हाल में पंत जी ने अपने भाषण में कहा था कि वह २५५ हैं । मैं इसको मान लेता हूं । इन २५५ की औसत वालों में कितने ऐसे धनी हैं जिनकी आमदनी दो लाख, चार लाख, पांच लाख या दस लाख के ऊपर हैं । उन्होंने कहा था कि दस लाख के ऊपर वाले बहुत कम हैं । मैं उनके शब्दों का ही हवाला दे रहा हूं । पांच लाख के ऊपर कुछ हैं, और दो लाख के ऊपर तो बहुत लोग हैं । दो लाख को भी छोड़ दीजिये । मैं पूछता हूं कि २५० रुपये की औसत आमदनी वाले कितने हैं । आप देखेंगे कि इस औसत से ज्यादा की आमदनी वाले शहरों में रहते हैं, गांवों में बहुत कम । २५० रुपये से ऊपर की आमदनी वाले आपको शहरों में बहुत मिलेंगे । मैं भी उससे ऊपर हूं और यहां जितने और बैठे हैं वे सब ऊपर हैं और शहर के लोग प्रायः सब ऊपर हैं । इससे नीचे कौन हैं, ग्राम वाले । सरकारी आंकड़ों में बताया गया हैं कि देश के प्रत्येक व्यक्ति की औसत आमदनी २५५ रुपये वार्षिक हैं, लेकिन कितने ही धनी व्यक्तियों की आय इस से बहुत अधिक हैं । आप देखेंगे कि ६० प्रति शत जनता की औसत आमदनी २५० रुपये से कम हैं और दस प्रति शत की आमदनी हजारों व लाखों की हैं । आंकड़ों की बात आप करते हैं । औसत के ऊपर केवल दस प्रति शत हैं और ६० प्रति शत ऐसे हैं जो इस औसत के नीचे हैं अर्थात् जिनकी आमदनी २५० रुपये से भी कम हैं और जिनकी आय १०० रुपये ८० रुपये या ६० रुपये ही होती हैं । अब यह सोचने की बात हैं कि साल में जिनको केवल ७० या ८० रुपये मिलते हैं, वे अपना गुजारा कैसे करते होंगे । मेरा निवेदन हैं कि ऐसी हालत में हमारा कर्त्तव्य हैं कि हम गांवों की ओर देखें न कि बड़े महलों को । हम देहातियों के पास जायं, उन दरिद्र लोगों के पास जायं जिनकी आमदनी इतनी कम हैं, उनकी हम हैसियत बढ़ायें । इन महल वालों को ऐसा अवसर न दें कि महल पर महल बनाते जायं । ऐसा करने में कोई लाभ नहीं होगा वरन हर प्रकार की हानि ही होगी ।

मैं और अधिक नहीं कहूंगा । मैं चाहूंगा कि मंत्रिमंडल के भविष्य के जो स्वप्न देखें उसमें यह देखें कि यह बड़े बड़े महल यहां पर नहीं खड़े होंगे, ऐसे इंडस्ट्रियलाइजेशन औद्योगीकरण का स्वप्न न देखे जिसमें अरबों और करोड़ों रुपये की लागत लगा कर कारखाने बने हों, कारखाने कहीं कहीं आवश्यक हो सकते हैं और अपवाद के रूप में रखे भी जा सकते हैं, परन्तु हम ऐसा स्वप्न देखें कि देहात में हम लोग जायं, देहात हमारे वाटिका गृह की तरह हों, उनके बीच से बेकारी दूर हो और उन को कुछ न कुछ काम हम दें जैसे भी हो ग्रामीणों के जीवन में अधिक सुख लायें । हमारा यह ध्येय होना उचित हैं ।

श्री सी० डी० गौतम (बालाघाट) : सभापति महोदय, मैं किसानों का प्रतिनिधि हूं और इसलिये किसानों की तरफ से कुछ कहना चाहता हूं । यह बात जरूर है कि पहले से किसानों की हालत कुछ सुधरी हुई है, परन्तु वह पर्याप्त नहीं है । हम देखते हैं कि आज खाद्यान्नों के भाव काफी घट गये हैं, गिर गये हैं जब कि किसानों की जरूरत के सामान जैसे कपड़ा, हल और औजार वगैरह के दाम कम नहीं हुए हैं और उनके लिये किसानों को वही बढ़े हुए दाम देने पड़ते हैं । उसके गल्ले की कीमत बाजार में बहुत घट गयी है । उसको कर्जा मिलता नहीं है । सरकार ने कुछ कानून जरूर बनाये हैं और उन कानूनों की सबब से उसको फायदा जरूर होता है, परन्तु उन कानूनों का फायदा किसान अब नहीं उठा सकता है । न तो वह अपनी जमीन रहन करके दे सकता है, न उसके पास कोई गहना है न जेवर है जो कि गिरवी रखे और कर्जा ले और नतीजा क्या होता है उससे साहूकार कहता है कि भाई कर्जा लेते हो तो एक फरूखनामा लिख दो, उस जमीन को हम रहन रखेंगे । और साहूकार कहता है कि एक साल में अगर तुम मेरी रकम और कुछ ब्याज दे दोगे तो मैं तुमको तुम्हारी जमीन वापिस कर दूंगा । साल खत्म होने के बाद एक दम उस जमीन पर या मकान पर साहूकार कब्जा करना चाहता है और कई ऐसे आपको उदाहरण मिलेंगे जिसमें उन्होंने कब्जा कर लिया है । मैं सरकार के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि मेरे प्रान्त में ही नहीं बल्कि कई दूसरी जगहों पर भी किसान बर्बाद हो रहे हैं । सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है कि उसको कोई कर्जा मिल सके । लैंड मोर्टगेज बैंक्स् हैं लेकिन वहां पर कर्ज के लिये अगर आज हम दरख्वास्त देते हैं तो एक साल के बाद कहीं जा कर बहुत सी इनक्वायरीज होने के बाद उसको कर्जा मिलता है, जब कि कर्ज की जरूरत उसको फौरन होती है, जिसका नतीजा यह होता है कि लैंड मोर्टगेज बैंक्स् में बहुत थोड़े किसान जाते हैं और उसका लाभ उठा पाते हैं । इसलिये सरकार की तरफ से ऐसी कोई योजना हो तो किसान को कर्ज मिलने में सुविधा होगी और वह अपनी जायदाद को भी बचा सकेगा । हम जानते हैं कि किसान फसल आने की पहले से बाट जोहता रहता है और फसल आते ही जो भी भाव लगता है उसी पर बेच देता है । बेचने के अलावा कोई चारा भी उसके पास नहीं रहता है और व्यापारी लोग जब फसल आती है तो उसका फायदा उठाते हैं । गये साल तक कुछ भाव ठीक थे, लेकिन इस साल अनाज के भाव इतने गिरे हैं कि किसान को १२ रुपये और १२ रुपये मन तक अपना चावल बेचना पड़ा है, क्योंकि उसको पैसे की जरूरत थी, उसको कपड़ा, बैल और दूसरी जरूरी चीजों के खरीदने के लिये पैसा चाहिये था, उसको लाचार हो कर अपना गल्ला सस्ते दाम पर व्यापारियों को देना पड़ता है । सरकार की तरफ से कोई भी साधन ऐसा नहीं है, कोई भी ऐसा तरीका नहीं सोचा गया है कि किसान पूरी कीमत पा कर अपना गल्ला बेच सके । यह ठीक है कि स्टोर हाउसेज तैयार किये गये हैं, परन्तु उनका फायदा किस को मिलने वाला है, उनका फायदा किसान को मिलने वाला नहीं है, इनका फायदा तो उन व्यापारियों को मिलेगा जिन्होंने कि उन गोदामों में गल्ले का संचय कर लिया है और जो सस्ते भाव से खरीदा है और जिसको मनमाना मुनाफा कमा कर बेचने वाले हैं । इसलिये मेरा यह सुझाव है और सरकार से प्रार्थना है कि अगर आप वाकई किसानों को बचाना चाहते हैं तो उनके लिये कोई ऐसा समुचित प्रबन्ध किया जाय कि जिससे वह अपना गल्ला वक्त पर और वाजिब कीमत पर बेच सकें ।

आज हम देखते हैं कि हालांकि कांग्रेस की सरकार है और हमारी अपनी सरकार है लेकिन जो उसके कर्मचारी हैं सरकारी अफसरान हैं, जैसे पटवारी आदि, वह आज भी किसानों को काफी तंग करते हैं और उनके होते हुए किसान यह महसूस करने से असमर्थ रहता है कि आज कांग्रेस की सरकार है और नेहरू की सरकार है, इसलिये यह हमारा और केन्द्रीय सरकार का फर्ज हो जाता है कि हम किसानों की दशा सुधारने की तरफ ध्यान दें, अपने सरकारी

अहलकारान को आवश्यक आदेश दें और देखें कि वह उनके अनुसार आचरण करते हैं कि नहीं, यह हमारी और केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी हो जाती है। यह कह कर कि यह राज्य सरकार से सम्बन्धित बातें हैं, काम नहीं चलेगा।

तो मैं कह रहा था कि कुछ पटवारियों से लोगों को बहुत तकलीफ होती है। वह कोई न कोई सबब ढूंढ कर किसानों से पैसा खींचना चाहते हैं। दूसरे लोग हैं नहर महकमे के अमीन लोग। यह लोग झूठी कम्प्लेन्ट्स कर देते हैं कि नहर से पानी ले गये। रेट अगर ३ या ४ रुपये का होता है तो वह १८, १६ रुपये तक लगा देते हैं क्योंकि वह नाजायज तौर पर सिंचाई करते हैं।

दूसरी बात मैं जंगलों के बारे में कहना चाहता हूं। लोगों को जंगल की रोज जरूरत पड़ती है। हमारी सरकार ने जमींदारिया तोड़ दीं, मालगुजारियां तोड़ दीं, परन्तु इस के वास्ते कोई भी इन्तजाम नहीं किया। आज आप चाहें जिस जिले में देख आइये, कटाई होती है परन्तु ऐसी व्यवस्था नहीं है कि किसानों को थोड़ा सा अधिकार उस पर मिल सके। इस सबब से उन को बड़ी तकलीफ होती है। अगर आज जो रेट की बातें हैं जिन के कारण किसानों को रोज तकलीफ भुगतनी पड़ती है, यह दूर हो जायें तो मैं नहीं समझता कि उन को कोई शिकायत रह जायेगी। वह कोई बड़े बड़े महल नहीं चाहते हैं, न कोई बड़े भारी मकान रहने के लिये चाहते हैं। वह तो सिर्फ मामूली सी बातें चाहते हैं। अगर उन को खाने पीने को मिलेगा, उन को जमीन खेती के लिये मिलेगी और अगर साधारण किसान है तो उस को थोड़ा लिखने पढ़ने को मिलेगा, तो उस का समाधान हो जायेगा। इन बातों की तरफ हमारी सरकार ख्याल करेगी, मैं ऐसा समझता हूं।

इस के बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी तक हर प्रान्त में, हर जिले में, हर तहसील में ऐसी ऐसी जमीनें पड़ी हुई हैं। आज हम भूदान की बातें कर रहे हैं, बहुत अच्छी बात है, लेकिन आज हमारी सरकार के पास इतनी ज्यादा जमीन पड़ी है कि अगर कोई अफसर जा कर उन जमीनों की जांच करे तो बहुत सी जमीनें ऐसी मिलेंगी कि जिन को ट्रैक्टर द्वारा या किसी दूसरे साधन से ठीक कर के जोत में लिया जा सकता है। ऐसी हजारों, लाखों एकड़ भूमि आज तैयार हो सकती है और उन पर लेबरर्स को बसाया जा सकता है और इस तरह से भूमि की समस्या भी हल हो सकती है।

खनिज पदार्थ हमारे यहां पर इतने ज्यादा हैं कि अगर सरकार अपने जिओलोजिस्ट्स वगैरह भेजे तो लाखों करोड़ों रुपये के खनिज पदार्थ मिल सकते हैं। मैंगनीज और लोहा इतनी ज्यादा तादाद में है कि उस से करोड़ों रुपये का माल तैयार हो सकता है। आज वहां पर जो प्राइवेट सेक्टर के लोग काम करते हैं वही करते हैं, सरकार की ओर से कोई खास महकमा नहीं है जो इस का काम कर सके। वहां जिओलोजिकल सर्वे की जरूरत है, वहां पर माइनिंग डिपार्टमेन्ट की बहुत जरूरत है जो कि सर्वे करा कर और इस काम को अपने हाथ में ले कर सरकार की आमदनी बढ़ा सके। कुछ ऐसी कम्पनीज हैं, जैसे सी० पी० मैंगनीज ओर कम्पनी, जो इस काम को कर रही हैं। सी० पी० मैंगनीज ओर कम्पनी की रोज की आमदनी कम से कम तीन लाख रुपया है। यह एक अंगरेजी कम्पनी है जो कि बहुत सस्ते में अपना काम करती है। उस की बिक्री का भाव है १२५ रुपये और खर्च पड़ता है २५, ३० रुपया। मुझे पता यह है कि यह सारा रुपया विलायत को जाता है। सरकार को चाहिये कि वह ऐसी कम्पनीज को, जो कि लाखों करोड़ों रुपये कमाती हैं, अपने हाथ में ले या यह कर दे कि कम्पनियों के लिये कुछ पैसा काम करने के लिये बांध दे और बाकी वह वसूल करे। परन्तु इस तरफ भी उस का ध्यान नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि जितनी हमारे प्रान्त की आमदनी कुछ समय पहले थी, लगभग दस साल पहले, उतनी इसी कम्पनी की आमदनी थी।

समय कम होने के कारण मैं और कुछ नहीं कहना चाहता हूं ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव (गुड़गांव) : जनाब चेअरमैन साहब, मैं आप का आभारी हूं कि आप ने मुझे इस मौके पर बोलने का मौका दिया ।

मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे आनरेबुल फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने अपनी जो आखिरी तकरीर राज्य सभा में की है उस के अन्दर जो आंकड़े दिये हैं उन के बारे में उन्होंने फरमाया कि हम सोशलिस्टिक पैटर्न की तरफ चल रहे हैं । उन्होंने जो स्पीच वहां पर दी उस के सफह ७ पर कुछ आंकड़े दिये और यह दिखलाने की कोशिश की कि टैक्स पहले से ज्यादा है और टैक्स के जरिये वह सोशलिस्टिक पैटर्न की तरफ चले जा रहे हैं । मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे मंत्री जी यहां नहीं हैं, लेकिन श्री गुहा साहब तशरीफ रखते हैं, उन को मालूम होना चाहिये कि जिस सोशलिस्टिक पैटर्न का जिक्र फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने किया है उस की एक सेमी साइड भी है । वह सेमी साइड यह है कि आप जितना एक व्यक्ति पर कर लगाते हैं, अगर वह पांच आदमियों का खान्दान है तो उन पांच आदमियों पर भी आप उतना ही टैक्स लगाते हैं । यानी इस प्रकाशम को झुठलाते हैं 'whole is greater than the part'. मैं सोशलिस्टिक पैटर्न का एक मतलब समझता हूं कि ईक्वैलिटी की तरफ, बराबरी की तरफ हम कदम उठायें । आप चाहते हैं कि बड़ी आमदनी घट जाय और छोटी आमदनी बढ़ जाय, हमारे मुल्क की डिस्पैरिटी कम हो । लेकिन मैं अदब से कहना चाहता हूं कि आप ने अपने कानून में जो सन् १८८६ का बना हुआ है ऐसा सिस्टम डाला है कि आप ईक्वैलिटी की तरफ कदम उठा ही नहीं सकते । आज जो टैक्स एक आदमी को देना पड़ेगा वही टैक्स अगर एक आदमी के खान्दान में पांच या पांच से ज्यादा आदमी हैं तो उतना उन को भी देना पड़ेगा । इस सवाल पर तकरीबन २८ वर्षों से इस भवन में झगड़ा चलता रहा है, हर मौके पर हर एक फाइनेन्स मिनिस्टर कहता रहा है कि टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी आयेगी तब हम इसे देखेंगे । इस मर्तबा टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी भी आ गई और उस ने जो कुछ फैसला किया है वह आप की खास तवज्जह के काबिल है । मैं उस का एक थोड़ा सा हिस्सा पढ़ कर सुनाना चाहता हूं जिस से आप को रोशन हो जायेगा कि टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी ने भी अपना फर्ज अदा करने में कोताही की है । सफह ११८ पर इस टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी ने इस सवाल की चर्चा करते हुए यह बात लिखी है :

"In coming to the conclusion that it would be inexpedient to make any far-reaching changes in the tax treatment of the Hindu undivided family at the present moment, we have also been influenced by the fact that the Hindu Code Bill is pending before the Parliament, and that, when it is passed into law, it is likely to effect radical changes in the legal and social framework of the Hindu joint family system, the full extent of which cannot now be foreseen. Whatever changes may be made in the meantime can, therefore only be in the nature of an interim measure, for which we see no justification."

जिस के सही माने यह हैं कि उन्होंने इस सवाल के ऊपर गहराई से देखने की कोशिश नहीं की है । एक मौका था जब मैं ने प्रेजिडेन्ट साहब की खिदमत में दरख्वास्त भेजी थी कि मुझ को इस हाउस में एक बिल लाने की इजाजत दी जाय जिस के अन्दर हिन्दू ज्वायंट फैमिली को केटेगरी इनकम टैक्स से बिल्कुल निकाल दिया जाय । लेकिन मुझ को इजाजत नहीं मिली । जब से मैं इस हाउस में अव्वल अव्वल आया था सन् १९२६-२७ में, उसी वक्त से यह झगड़ा चला आता है । उस वक्त के फाइनेन्स मिनिस्टर कहते रहे कि जब टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी बनेगी तब इस का फैसला होगा, हमारे मौजूदा फाइनेन्स मिनिस्टर भी मेरे ख्याल में इस बात से अच्छी तरह से मुतास्सिर हैं कि हिन्दू ज्वायंट फैमिली पर बड़ी सख्ती होती है और

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

बड़ी बेइन्साफी होती है, लेकिन ताहम आज तक उन्होंने एक लफ्ज भी दोनों सदनों में से, न इधर ही और न उधर ही, इस बारे में कहा। यही जवाब देते रहे कि टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी इस का फैसला करेगी। उस कमेटी के सामने मैं बतौर गवाह के पेश हुआ, मैं ने उस की खिदमत में जा कर रिप्रेजेन्टेशन भी दिया, लेकिन आखिर मुझे यह जवाब मिलता है। मुझे अफसोस है कि टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी ने न सिर्फ अपना फर्ज ही अदा नहीं किया, बल्कि ऐसी बातें लिख दीं जो फिलवाकया गलत हैं। कौनसा हिन्दू कोड बिल है ? किस जगह हिन्दू कोड बिल है ? उस के बजाय चन्द एक लेजिस्लेशन सदनों के रोबरू आये हैं जैसे सक्सेशन बिल वगैरह। उन के अन्दर हिन्दू ज्वायंट फैमिली एंज सच को मारने या जिन्दा रखने के लिये कोई चीज दर्ज नहीं है। हिन्दू कोड बिल मौजूद नहीं, इस के ऊपर कोई फैसला नहीं होगा तो क्या मैं यह समझूं कि जब तक दूसरी टैक्सेशन एन्क्वायरी कमेटी नहीं बनेगी तब तक इस मामले के ऊपर सरकार फैसला नहीं करेगी ? आइन्दा जब वक्त मिलेगा तब मैं इस के ऊपर तफसील से अर्ज करूंगा क्योंकि स्पीकर साहब और हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर साहब का हुक्म यह है कि इस वक्त सिर्फ प्वाइंट्स बतलाये जायें, ज्यादा व्याख्या न की जाय। लेकिन एक बात मैं पढ़ कर सुनाता हूं ताकि इस भवन को मालूम हो कि कितनी सख्त बेइन्साफी हिन्दू ज्वायंट फैमिली सिस्टम के साथ हो रही है। अगर २०,००० आमदनी एक ऐसे आदमी की हो या एक ऐसे खानदान की हो जिस के अन्दर पांच मेम्बर हैं या एक ऐसी ज्वायंट फैमिली की हो जो कि पांच आदमियों की हो और जो हिन्दू हो तो उस पर २,१२२ रुपये टैक्स लगेगा। लेकिन इतनी ही आमदनी अगर एक ऐसे कुन्बे की या ऐसे आदमियों की हो जो कि पार्टनरशिप करते हों और उसके अन्दर पांच आदमी हों तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगेगा क्योंकि उन के केस में २१,००० तक कोई टैक्स नहीं लगता है और एक की आमदनी ४,२०० के हिसाब से, जिस पर कोई टैक्स नहीं लगता है, कम रह जाती है। हिन्दू ज्वायंट फैमिली पर उसी सूरत में २,१२२ रुपये टैक्स लगेगा। इसी तरह से ४०,००० की आमदनी में हिन्दू ज्वायंट फैमिली पर तो ६,३२२ रुपये टैक्स लगेगा अगर उसके पांच अफराद हैं लेकिन इस के बरअक्स दूसरी तरफ ६५५ रुपये ही टैक्स लगेगा। अगर ६०,००० रुपये की आमदनी है तो ज्वायंट हिन्दू फैमिली पर तो २४,९८२ रुपये टैक्स लगेगा और दूसरों पर ऐसे मुशतरका खानदान पर ३,७२० रुपये। अगर एक लाख की आमदनी है और यह एक फर्म है और दोनों ही बम्बई में काम करते हैं तो हिन्दू ज्वायंट फैमिली पर तो ४४,३६१ रुपये टैक्स लगेगा और वही फर्म जो कि नान-हिन्दू की है उस पर १०,६६० रुपये ही टैक्स लगेगा। अगर दो लाख की आमदनी है तो ज्वायंट हिन्दू फैमिली को तो १,४१,३२२ रुपये देने पड़ेंगे और नान--हिन्दू फैमिली को सिर्फ ५७,२५५ रुपये। तीन लाख की सूरत में हिन्दू फैमिली को २,२६,६१६ रुपये और नान--हिन्दू फैमिली को १,२०,६१० रुपये। अगर पांच लाख की आमदनी है तो ज्वायंट हिन्दू फैमिली को ४,०७,१०२ रुपये और नान--हिन्दू फैमिली को २,७१,८४५ रुपये अगर १० लाख है तो ज्वायंट हिन्दू फैमिली को ८,४०,०७२ और नान--हिन्दू फैमिली को ७,०६,६१० रुपये। अगर २० लाख है तो उस सूरत में ज्वायंट हिन्दू फैमिली को १७,२६,००९ और नान--हिन्दू फैमिली को १५,६२,५४५ रुपये इसका नतीजा यह हुआ कि एक फैमिली जिस के अन्दर पांच मेम्बर हैं और जो ज्वायंट हिन्दू फैमिली है और दूसरी तरफ वही फैमिली जिस के अन्दर भी पांच मेम्बर हैं लेकिन वह नान--हिन्दू फैमिली है और दोनों की आमदनी दो लाख है तो एक तरफ तो एक आदमी के हिस्से तो ६७८ रुपये माहवार आयेंगे और दूसरी तरफ एक ही आदमी के हिस्से २,३७९ रुपये। इसी तरह से तीन लाख आमदनी वाली एक फैमिली के जिस के पांच आदमी हैं एक तरफ १,१६८ और दूसरी तरफ २,६८५ रुपये हिस्से आएंगे। मैं इससे भी ज्यादा आंकड़े दे सकता हूं लेकिन मैं

पास ज्यादा वक्त नहीं है इसलिये में और ज्यादा आंकड़े नहीं देना चाहता हूं। क्योंकि फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने अपनी स्पीच में इसी तरह के आंकड़े दिये थे इस वास्ते मैं ने भी अपना फर्ज समझा कि आपके सामने कुछ आंकड़े पेश करूं। मैं पूछना चाहता हूं यह कहां का इंसाफ है और कैसी यह सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी आप बनाने जा रहे हैं। इन्कम टैक्स के अन्दर आप ने दो छोटी छोटी रियायतें दी हैं। अगर एक खान्दान में दो मेम्बर हैं तो आप ८,४०० रुपये तक टैक्स नहीं लेंगे। अगर चार से ज्यादा हैं तो provision यह है कि तीन गुना वहां से निकाल दिया जाये। सुपर टैक्स के बारे में यह रियाअत भी नहीं है। अगर कहीं इन्साफ है तो मैं पूछना चाहता हूं कि सुपर टैक्स में यह अस्ल क्यों नहीं बरते जाते। उसके बारे में भी बिल्कुल उसी अस्ल पर चलना चाहिये। चुनांचे इन्वेस्टीगेशन ट्रिब्यूनल ने भी सुपर टैक्स के बारे में तजवीज कर के भेजा था लेकिन हमारे टैक्सेशन इंक्वायरी कमीशन ने इसके बारे में एक लफ्ज तक नहीं कहा और न ही इसके बारे में कोई वजह ही ब्यान की और यह लिख दिया कि हमें यह रियाअत सुपर टैक्स में नहीं देनी चाहिये। आप ने छोटे खान्दानों को जिन को यह रियायत मिली है कि चार से ज्यादा मेम्बर हों तो उस सूरत में दुगनी या तिगुनी एग्जेम्पसन देते हैं लेकिन अगर १२,००० १४,००० या २०,००० इन्कम है तो चाहे उसके कितने ही मेम्बर हों पांच हों या दस हों आप यूनिट की तरह से टैक्स लेते हैं। मेरे ख्याल में यह सोशलिस्टिक पैटर्न से बिल्कुल उलट है। इसके अन्दर इन्साफ की बू नहीं है। मेरी हाउस से अपील है और हाउस की तवज्जह इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि हिन्दू ज्वायंट फैमिली और नान-हिन्दू फैमिली में जो आप ने फर्क रखा है यह दूर होना चाहिये। मैं यह इसलिये नहीं कह रहा हूं कि इस में मेरा कोई जाती मुफाद है। मैं ज्वायंट हिन्दू फैमिली को बिलोंग नहीं करता हूं लेकिन मैं यह बरदाश्त नहीं कर सकता कि यह बेइंसाफी हो। कांस्टीट्यूशन में जो दफा १४ है यह उसके बिल्कुल खिलाफ जाती है और ऐसा मालूम होता है कि दफा १४ एग्सिस्ट ही नहीं करती है। मैं इस के बारे में किसी और मौके पर बोलूंगा लेकिन यहां पर सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि यह बात सोशलिस्टिक पैटर्न से बिल्कुल उल्ट है और इसको दुरूस्त किया जाना चाहिये।

अब में आप ने जो एक्साइज ड्यूटीज बढ़ाई हैं या जो नई ड्यूटीज लगाई गई हैं उनके बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मैं इस के खिलाफ नहीं हूं कि आप आपनी आमदनी को टैक्सेशन के जरिये न बढ़ायें। मैं मानता हूं कि आप ने बड़ी बड़ी स्कीमें शुरू कर रखी हैं और उन को पूरा करने के लिये आप को रुपया चाहिये। मैं टैक्सों के बढ़ाये जाने के अस्लन बरखिलाफ नहीं हूं लेकिन मैं चाहता हूं कि यह रुपया ठीक खर्च किया जाये जिस से कि देश का भला हो। जहां तक एक्साइज ड्यूटीज का सवाल है पिछली दफा हमारे फाइनेंस मिनिस्टर ने इस अस्ल को माना था कि जहां तक स्माल इंडस्ट्रीज का सम्बन्ध है काटेज इंडस्ट्रीज का सम्बन्ध है हमें उन पर कई ऐसे टैक्स नहीं लगाने चाहियें जिस से कि उनको नुक्सान पहुंचे। मुझे खुशी है कि फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने राज्य सभा में इसी बात को फिर दोहराया है और कहा है कि मैं इन इंडस्ट्रीज को ध्यान में रखूंगा और जहां देखूंगा कि इन को टैक्सों के लगने से नुक्सान होता है तो उन की तकलीफों को दूर करूंगा। मैं दो तीन चीजों के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। सब से पहले मैं कागज पर जो एक्साइज ड्यूटी लगाई गई है उस का जिक्र करना चाहता हूं। इसके बारे में पूज्य टंडन जी ने भी जिक्र किया है। मैं अपनी कमजोर आवाज को उन की जबरदस्त आवाज में शामिल करना चाहता हूं और बड़े अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि इस मुल्क में जहां पर बहुत कम लोग पढ़े हुए हैं और जहां पर अभी लोगों को एजुकेट करने का काम हाथ में लिया जा रहा है अगर कागज पर टैक्स लगा दिया गया तो इस का ठीक नतीजा नहीं निकलेगा।

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

इस से एजुकेशन के काज को धक्का पहुंचेगा। ऐसी सूरत में कागज पर टैक्स लगाना एक बहुत भारी गलती है और मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कागज पर यह टैक्स नहीं लगना चाहिये।

दूसरी चीज में कपड़े पर लगी ड्यूटी के बारे में कहना चाहता हूं। थोड़ी देर हुई इसके बारे में श्रीमती सुचेता कृपालानी ने बड़े जोरदार लफ्जों में इस की मुखालिफत की है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कम से कम ऐसे कपड़े पर जिसे गरीब आदमी इस्तेमाल करते हैं कोई टैक्स नहीं लगना चाहिये।

दो एक और बातें में खास तौर पर कहना चाहता हूं और उन्हीं के वास्ते में बोलने खड़ा हुआ था। पेंट्स और वार्निशेज पर १० पर सेंट एक्साइज ड्यूटी लगाने की तजवीज है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जहां तक वार्निशेज का सवाल है उसके अन्दर कोई पावर आम तौर पर इस्तेमाल नहीं होती है। सिर्फ पेंट्स के अन्दर जहां पिगमेंट्स को ग्राइंड करने का सवाल आता है वहां पर पावर इस्तेमाल होती है। इस देश के अन्दर कितने ही बड़े बड़े कारखाने हैं, बाहर की फर्म हैं जिन के ब्रांड यहां पर चलते हैं और उन कारखानों में आज भी छोटे छोटे कारखानों के मुकाबले में २० या ३० फी सदी चीजों के बनाने में कम खर्च पड़ता है। अव्वल तो जो माल वे खरीदते हैं जैसे रा मैटीरियल वगैरह वह बहुत सस्ता खरीदते हैं जो छोटे छोटे कारखाने वाले नहीं कर सकते क्योंकि वह बड़ी मिकदार में खरीदते हैं। इस के अलावा उनका जो रा मैटीरियल बचता है वह छोटे कारखाने उन बड़े कारखानों से ले कर इस्तेमाल कर लेते हैं और बड़े कारखाने वालों को १० फी सदी फायदा इस में हो जाता है। इस के इलावा जो ब्रांड हैं उनके पीछे एक बहुत बड़ी ताकत है। इसलिये आज भी बड़े कारखानों में छोटे कारखानों के मुकाबले में ३० फी सदी का फर्क पड़ जाता है। अगर आप ने ये टैक्स लगाये तो यह छोटे कारखाने बन्द हो जायेंगे क्योंकि मुनाफे के बजाय घाटा पड़ना शुरू हो जायेगा। इस वास्ते मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जिस तरह पिछली बार आप ने मेरी तजवीज को मान कर सोप पर जो प्रिंसिपल एप्लाई किया था कि जिन की प्रोडक्शन ५० टन से नीचे हो उनको इस कर से छूट दे दी जाये वही प्रिंसिपल यहां पर भी एप्लाई कर दीजिये। ऐसा करने से कार्टेज इंडस्ट्रीज को बढ़ावा मिलेगा.......

श्री जांगड़े (बिलासपुर-रक्षित--अनुसूचित जातियां) : इस में ये विश्वास नहीं करते हैं।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : सोप के बारे में उन्होंने यह बैसिस मंजूर किया था और फुटवीयर के बारे भी यही प्रिंसिपल एप्लाई किया गया था। अब वे मैचिज पर इस तजवीज को भी देखें और इस पर विचार करें। इसी तरह से मैं एक लफ्ज आपकी खिदमत में वुलन गुड्स के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। इस देश के अन्दर बहुत सारा ऊनी कपड़ा बाहर से आता है जिसको हमारे जैंटिलमैन पसन्द करते हैं। अभी हमारे यहां ऐसी वुलन इंडस्ट्री एस्टेबलिश नहीं हुई है। आप देखेंगे कि हमारे यहां बहुत सी वुलन स्पिनिंग मिल्स ऐसी हैं कि उनमें से बहुतों को स्माल स्केल इंडस्ट्री कहा जा सकता है। हैंडलूम को आपने एग्जेम्पशन दिया हुआ है। जहां पावर इस्तेमाल होती है उसके बारे में आप इतनी रियायत दें कि जहां २४ पावर लूम या कम हों वहां आप टैक्स न लगावें। आपने पिछली साल आर्ट सिल्क के लिये और दूसरी चीजों के लिये २४ लूम की सीमा रखी थी। मैं चाहता हूं कि आप वुलन गुड्स में भी ऐसी ही सीमा रखें कि जहां २४ लूम हों या उससे कम हों वहां पर आप टैक्स न लगावें।

मैं और ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता। मैं एक छोटी सी बात और कह दूं। अभी मैं ने अपने पूज्य टंडन जी की बात गांवों के बारे में सुनी। मैं ने भी यही नोट रखा हुआ था। मुझे बड़ा अफसोस है कि आप नाम तो लेते हैं गरीब आदमी का लेकिन काम करते हैं उसके खिलाफ। मैं देखता हूं कि तजवीजें बहुत

आती हैं, लेकिन दरअस्ल छोटे आदमियों के लिये दुनिया में कोई जगह नहीं है। आप नाम लेते हैं स्लम्स का। आप स्लम्स को दूर करने की बात करते हैं। लेकिन आप गरीब आदमी के लिये क्या करते हैं। उसको आप पूरा मुआवजा नहीं देते। वह तो आपके स्लम साफ करने में तबाह हो जाता है। आप उसके लिये मकान नहीं बनाते हैं।

आप गांवों के लिये क्या करना चाहते हैं ? हमारे बुजुर्ग श्री टंडन जी तो यह चाहते हैं कि गांव नये सिरे से हरे भरे हो जायं। आप कहते हैं कि हम उनको दस एकड़ जमीन देना चाहते हैं। कल मेरे पास अलवर और भरतपुर के refugees आये थे। वह कहते थे कि उस इलाके में दस एकड़ में साल भर में सौ रुपये की आमदनी होती है। इससे ज्यादा आमदनी नहीं होती। अगर आप सौ एकड़ जमीन उनको दें तब भी एक कुन्बे का गुजारा नहीं चलेगा। आप जो सीलिंग बना रहे हैं यह हमारे पंडित जी के अलफाज में पावर्टी को बांटना है। अगर आप चाहते हैं कि गांवों के लोगों का काम ठीक से चले, वह थोड़े बहुत धनाढ्य हों, उनमें इकानमिक इंडिपेंडेंस हो, तो आप उनके लिये १५ एकड़ का मिनिमम मुकर्रर कीजिये। मैं ने यह किसी कानून में नहीं देखा कि जिसके पास जमीन कम है उसको बढ़ा कर दस एकड़ या १५ कर दिया जाय। आप मिनिमम रखिये दस पन्द्रह एकड़ का, और आप अगर चाहते हैं कि गांव के लोग संतुष्ट रहें तो आप ऐसा करें, नहीं तो मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि आप एक वालकेनो पर बैठे हुए हैं जो कि किसी भी समय इरप्ट हो सकता है और आपको उसका पता भी नहीं लगेगा। आज आप टैक्स के जरिये से ५ लाख की आमदनी वाले को पास १२ हजार रखने की इजाजत दे रहे हैं, और पंजाब में काश्तकार २५ एकड़ से ज्यादा नहीं रख सकता है। इतनी जमीन से ८० या सौ रुपये महीने से ज्यादा आमदनी नहीं हो सकती है। जब आप एक एक अफसर को तीन तीन हजार तनख्वाह दे रहे हैं तो आपको किसी भी क्लर्क को १५० रुपये से कम नहीं देना चाहिये। और अगर आप क्लर्क को १०० रुपया देते हैं तो किसी अफसर या मिनिस्टर को २००० से ज्यादा नहीं मिलना चाहिये। आप जमीन को कम करना चाहते हैं। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कोई भी फार्म जो कि आपके कांस्टीट्यूशन के मुताबिक एडीक्वेट मीन्स आफ लाइवलीहुड हो और जिसके अन्दर माडर्न तरीके से एग्रीकल्चर किया जा सके वह सौ एकड़ या कम से कम ७५ एकड़ से कम नहीं हो सकता है। उस फार्म में जो लेबर काम करे उसके लिये भी आप मिनिमम वेजेज मुकर्रर कीजिये ताकि उसका पालन पोषण हो सके। लेकिन मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो आप दस या पन्द्रह एकड़ की सीलिंग मुकर्रर करने जा रहे हैं इसका पोलीटिकल और इकानमिक असर हमारे खिलाफ होगा। मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि सारे देश के अन्दर और खुसूसन पंजाब के अन्दर लोगों में, सारे किसानों में, यह बात फैल गयी है कि सरकार देहात से और शहर के लोगों से इम्तियाजी सलूक करना चाहता है। बड़े बड़े शहरों में जो लोगों के महल खड़े हुए हैं, बम्बई में मैरीन ड्राइव पर जो बड़े आदमियों के महल खड़े हैं उनको कोई देखता है। लेकिन आप देखते हैं किसान की उस जमीन को जिसको कि वह अपने बाप दादों के वक्त से लिये आ रहा है और जो आम तौर पर ५० से सौ ज्यादा से ज्यादा है वर्ना ८० प्रतिशत इस से कम है एकड़ तक है। उस पर आपकी निगाह लगी हुई है। यह ठीक नहीं है। आप ईमानदारी के साथ काम कीजिये। यदि आप २४,००० रुपया आमदनी रखते हैं सरकारी नौकर की तो आप जमीन रखने वालों को भी उनके मुकाबले की आमदनी रखने का हक दीजिये। कम से कम उसकी दस हजार तक तो आमदनी हो। वर्ना मैं पूछना चाहता हूं कि आपकी इक्वालिटी आफ औपार्चुनिटी का क्या मतलब है। क्या कभी दुनिया में ऐसा रेजीमेंटेशन हो सकता है। कि सब आदमियों की ताकत या आमदनी बिल्कुल बराबर हैं। वह स्वप्न कभी पूरा नहीं हो सकेगा मैं और

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता हूं । मैं ने शायद दो तीन मिनट ज्यादा ले लिये हैं इसके लिये माफी चाहता हूं ।

Shri B. S. Murthy: I thought I would have no time, but I thank you for having given me ten minutes. I think I will certainly finish my speech within ten minutes.

I congratulate the Finance Minister on having presented a careful, good Budget. It is a rich man's family Budget, and it is very carefully drafted. The rich become richer and the poor become poorer, and I am not able to see, from the first page to the last page, any reflection of the glamour of the Avadi resolution in it. I do not think the Finance Minister has taken into consideration the low prices now prevailing in the country and how hard they are hitting the agricultural labour as well as the agriculturists. I do not think the Budget has done anything to improve the lot of the masses. There is little consideration shown to the private sector but a lot to the public sector. The Budget, again, does not seem to remember the chief objective of our first Five Year Plan. In the first Five Year Plan it has been stated that the object of the Plan is to improve the standard of living. This Budget does not improve the standard of living but on the other hand it may still lower the standard of living. I think it is a Budget framed to improve the cities but not the villages. Shri Tandon has spoken about villages and Pandit Thakur Das Bhargava also has spoken about villages. Many people are speaking about villages but all the speeches delivered here seem to have no effect on the Treasury Benches. I think it is better we hold our Parliament sessions in villages hereafter. There, we do not have these modern facilities. Every one has to go the village tank and take his bath and every one has to take a *lota* and go out for ablutions and every one has to wash his own clothes. Then only the Treasury Benches can understand how the village people are suffering. Sitting here in this magnificent Parliament House all these great men speak about villages. I do not consider that the Treasury Benches have had any time or desire to think of these villages, as far as I know, during the last three years that I have been here. Mahatma Gandhi had said: "Please hold the sessions of the Congress in the villages and not in towns or near towns." Because unless and until villages are improved, nothing can be done and in many villages there are more than 50 or 60 per cent of the people who have not even one meal a day. What is this Budget, spending hundreds of crores of rupees, while you are not able to give a morsel of food to the real breadwinner of the poor family who represents the nation? Therefore, I consider this Budget very unhelpful to galvanise the popular enthusiasm which alone can make us see that the first Five Year Plan is a success. I appreciate the difficulties of the Ministers but at the same time they should also come forward with certain proposals to see that the man in the street, the actual tiller of the soil, is given relief.

There is one more point. It is about the projects. Some time back. I think it was my friend shri T.S.A. Chettiar who said that as far as these projects are concerned, this Ministry does not think about the existence of the land below the Vindhyas. I think it is a real statement. No major project is now being in progress or undertaken by this Ministry beyond the Vindhyas. I think the Ministry also knows how South India is suffering under some of these limitations and lack of facilities which are not available. in South India. In this connection I can say that Andhra is the most neglected area......

Shri Jaipal Singh (Ranchi West—Reserved—Sch. Tribes): In the whole of India.

Shri B. S. Murthy: Yes, in the whole of India, thank you. We have got the Khishna-Pennar project; the Ramapadasagar project, the Pulichantala project, and the Nandikonda project. They had been shelved. I can quote the names of ten or fifteen such major projects in Andhra. Andhra is the granary of the south and the best rice is produced in most of its districts. Government must see that instead of purchasing rice from other countries and spending crores of rupees for it, that money is diverted for taking up these major projects.

I have very little time and shall, therefore, refer to only one more point. The facilities offered for educating the students of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and backward classes are meagre. I have come to know that several hundreds and thousands of applications had not had the good fortune of getting sanctioned or examined this year. Scholarships had not yet been granted. I have received at least 200 letters from Andhra alone. In the rest of the country it must be much more. The scholarships are being granted at the fag end of the academic year. Some brilliant students who join the colleges to prosecute their studies have to leave the colleges because the scholarships are not granted in time. Therefore, I urge on the Minister in charge of these scholarships to see that more money is available for the next year and also that scholarships are granted in the month of July or August so that the students will know where they are.

Shri Jaipal Singh: Mr. Chairman, I really do not know how to describe my reactions to the speech of the Finance Minister on his Budget. From the Advasi point of view, I would say that it is a *bidi* and loin cloth economy Budget. (*Interruptions*). I dare say that as the cottage industries are making *bidis* and *'kareas'* the cost of the loin cloth will increase. As far as he goes there is no respite or relief for the poor people. I feel that all talk of socialistic pattern loses its meaning when there is no definite intention to implement it even by stages. This Budget is charateristic of a lack of genuine effort to bring about a socialistic pattern in keeping with what the ruling party has been shouting from house-tops. The Finance Minister has to tax other people to make up for the enormous losses that are caused by tax-dodgers. I would like my hon. friend to tell the House: how many criminal prosecutions have been instituted against the rich tax-dodgers? Or is it only the poor men who are taken to Court? It should be a mechanical procedure with the Ministry of Finance to see that every tax-dodger—however big or small—is criminally prosecuted. Then alone will the incidence of taxation on the rest of the community be lessened. I feel very sorry that the middle classes are going to be hit very hard by this particular Budget. We talk a lot about classless society and it would seem inharmonious and incongruous to sympathise with any class. I say it with a certain amount of feeling for the middle class. The middle class people come from every stratum of our nation—from government servants to others. I do feel that if we are to progress and go ahead, it should not be by way of pulling down people who are higher up to lower levels. It is our duty to give lower level people better conditions of life. we should start thinking about people whose conditions have to be bettered; it is for them that we should work. There are other ways of providing the wherewithal and the means to do it than by taxing the middle class as is done in this Budget.

I know that I am treating on dangerous ground when I say something which is very very unpopular with a vast majority of the hon. Members of this House they feel very violent about it. I feel that we have been far too sentimental in regard to the excise duty on salt. In the name of Gandhiji, salt excise has been removed. What was the intention of Gandhiji? By the removal of duty

[Shri Jaipal Singh]

on salt, its price he believed would go down. But the price of salt is soaring higher and higher. Was it not his intention that the poor people should get more and more salt? Salt is vital to the poor man. What is happening today? In his name we removed the salt excise. Has the price gone down. Similarly, we heard a vitriolic speech this morning from a lady Member in regard to prohibition. She made gibes at cocktail parties. (*Interruptions.*) My views are very well known; I stand by them and I am not ashamed of them. Let us be less self-righteous; let us face facts. There is a great difference between drinking and drunkenness. I say that in our internal economy and in our domestic life, we must apply the five principles or at least one of them that we are attempting to apply in our foreign relations—peaceful co-existence. People talk light-heartedly of co-existence. India is a vast sub-continent; people are not all alike. Some are vegetarians; others are not. The present Government is often sending abroad vegetarians, vegetarians, vegetarians. I do not know what other countries think of us; they must perhaps think that there are only vegetarians in this country. Similarly, from the speeches that we have heard, an inaccurate impression could be gained. There is a Prohibition Commission going round the country and from the evidence that is coming up in the Press, it would appear as if the entire country is for prohibition.

I come from the tribal areas and I am not one of those sanctimonious cats who talk about villages, who shed tears for the villages, but who have never gone to a village. I live in the jungle; I am an Adivasi. I know what I am talking about. You are doing something very dangerous in pushing things too fast. I am very glad that the Finance Minister has adopted the technique of *festina lente* or hasten slowly. Whether it is socialistic pattern or any other pattern, do not upset the sacred myths, the age-long deep roots that are there. I am not against going ahead. I am all for that. But let us make sure that we carry the people with us. With prohibition, I can tell you as far as the 30 million Advasis are concerned, you are not carrying them with you. Wherever I go, I hear that prohibition has failed. I know my hon. friends on the other side will say that it has succeeded. Let them say that it has succeeded. I can say from my personal experience that by forcing something ahead what the general opinion of the people is, you are making honest people dishonest. Is that what we wanted? Prohibition has failed. I drink but I am not a drunkard; I am not ashamed of that. I do not want to force anything on you. As I have already said, my advice to the sabbatarians is, keep your Sunday; do not take ours. In every walk of life, whether it is in regard to smoking, drinking, eating, Hindi, Urdu or whatever it is, there should be peaceful co-existence. Let us be a little more patient because the heavens are not going to fall if the socialistic pattern is not going to be brought about overnight. It is going to take time.

Take the question of the river valley projects. My hon. friends from Orissa will tell you, as I will tell you in regard to the hydro-electric projects in Bihar that wonderful promises had been made by the mightiest in the land, by our Prime Minister. What did he tell the people? Wonderful feats of engineering for your prosperity, for you to become great; land for land, house for house and more. Please go to the D.V.C. and see. If you were there on the 1st of March, what happened? Twenty thousand Santals surrounded the sub-divisional officers' court. Why? They had been promised land for land, house for house and more. The dam is submerging their villages and their lands. No land for land, no house for house. That is what is happening. Let us realise that we are dealing with human beings. It is very good to have wonderful feats of engineering. But, if these wonderful pieces of engineering

debase human beings, they are not much good to us.

There has been a great deal of window-dressing in regard to the Five Year Plan. As I go about in the villages, I find somehow or other that it has made very little difference to the poor man. You yourself referred to the question of scholarship to the backward sections of the community. You know what happens. You have been in that Scholarships Committee as I have been. I suggest to the Government that there is only one solution. If they are serious about helping the backward sections of the Indian community, award of scholarships should be automatic. There should be no waste of time whatever at the Education Ministry level here over the reception of applications, scrutiny and final award. Something like six months pass by before the awards are made; the poor students have to leave the colleges because they cannot afford to hold out for six months without governmental aid.

I feel that I must stress that there can be little change in this country unless the very foundations of our administration are sound. At the time of the freedom struggle, every one cried against the combination of the executive and the judiciary. I remember during constitution-making, very brilliant speeches were made that the judiciary should be separated from the executive and that the judiciary should be independent of the executive. A great deal of the misery of the poor man is caused by the fact that the two things are combined—I am now taking of the rural areas. I suggest that the very first thing that a civilised Government should do is to hasten the separation of the executive and the judiciary. That is very very important from the point of view of quick and cheap justice. Today, what is the position in the country. Take an ordinary magistrate in a district, or a sub-judge or a munsiff, etc. His promotion is dependent on the police report. Suppose the police officer were to report, I bring so many dacoits or this and that and this fellow never convicts them, he is no good, what happens? In other words, there is indirect—call it direct if you like—interference with the man's future career. I only give this as instance. I can give you plenty more.

From the Members of Parliament who have come here from the constituencies of backward classes, every year a plea has been made that there should be a separate Ministry which could give its full time to this very important national problem. I endorse that plea. I see no hope for the backward people unless there is a separate Ministry to devote its full time to this question. It is a national problem; it is a very serious problem. It is not a problem that you can tackle piecemeal. It must be a Ministry that will command the confidence of the entire country. We do not want a special officer. No one listens to him. We have report after report placed on the Table of the House, where confessions have been made by the so-called special officer that people do not even acknowledge his letters. If that is the situation, with these admissions by the man himself, what do you think is being done? I would say vast sums are being given to the States and these vast sums are being squandered away. Beautiful reports are, of course, there. I know that our friends on the other side are very good at window dressing. I know that. They have become pastmasters in window-dressing. I would like them to come along with me with their figures where they say they have distributed so much and check up how many schools have been opened and where. As the Prime Minister has himself reiterated and stressed, if you want to help the tribal people, first enable them to help themselves. That is the correct attitude. The general tendency is that money is doled out to party people and the money is used for party purposes and not for the welfare of the people for whom this money is earmarked. (*An Hon. Member*: No. No.). That is a fact. My challenge is there, I am prepared to take the people to the spot. I am

[Shri Jaipal Singh]

talking about something that is happening everyday before my very eye. Go to South Bihar, Jharkhand. Something like Rs. 4 lakhs are given for welfare work amongst the Adivasis there. Are the accounts audited? Why are they not audited? It is public money. We are entitled to have it audited. It is an area where there are any number of educated adivasis. Have they any control on that? No. It must be somebody else. Why? because it is a matter of money. That is the type of mischief that must be stopped.

To end up, I would say that the Finance Minister has a specific responsibility to issue directives from the Centre to the States as to the manner in which the money may be spent. The money is being given by him. In the Constitution itself there is a special Article which entitles him, which authorises him, to issue directives to the States on the various plans that may be executed by the States. I find that all that is done is that money is given and nothing more. It is high time, now that we have learnt how the money is being misused, that the Finance Minister directs the manner in which that money is used.

---

5 P.M.

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

Secretary: Sir, I have to report the following message received from the Secretary of Rajya Sabha:

'I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha, at its sitting held on Saturday, the 19th March, 1955, passed the enclosed motion concurring in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do join in the Joint Committee of the Houses on the Bill further to amend the Constitution of India. The names of the members nominated by the Rajya Sabha to serve on the said Joint Committee are set out in the motion.'

Motion

"That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do join in the Joint Committee of the Houses on the Bill further to amend the Constitution of India, and resolves that the following members of the Rajya Sabha be nominated to serve on the said Joint Committee:

1. Diwan Chaman Lall
2. Shri Sri Narayan Mahtha
3. Shri Jasaud Singh Bisht
4. Kazi Krimuddin
5. Shrimati Violet Alva
6. Shri K. Madhava Menon
7. Shri N. R. Malkani
8. Shri N. Govinda Reddy
9. Shri S. Chattanatha Karayalar
10. Shri G. Ranga
11. Dr. B. R. Ambedkar
12. Shri Surendranath Dwivedy
13. Shri Surendra Mahanty
14. Shri S. N. Mazumdar
15. Shri Govind Ballabh Pant."

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, the 21st March, 1955.